हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## 7 जून से थम जाएंगे 72 ट्रेनों के पहिए, हावड़ा-मुम्बई ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को झेलनी होगी परेशानी

**कुछ का किया जाएगा मार्ग परिवर्तित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/बिलासपुर

**खास खबर**

चौथी लाइन का कार्य आटो सिग्नलिंग सहित अन्य अधोसंरचना कार्यो के कारण रेल प्रशासन ने एक बार फिर से एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर सहित करीब 72 ट्रेनों के पहियों को 7 जून से 12 दिनों तक थामने का आदेश जारी कर दिया है। यह सारी ट्रेनें हावड़ा-मुम्बई और बिलासपुर-रायगढ़ के बीच चलने वाली हैं। रेलवे के अनुसार बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना में शामिल है, जो पूरे क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है। परिचाल को और भी सुचारू तथा नई गाड़ियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी लाइन का निर्माण हो रहा है, जिसमें अब तक 180 किलोमीटर से अधिक रेल लाइन निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसमें अब बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के चांपा स्टेशन में चौथी लाइन को जोड़ने का कार्य 7 से 19 जून तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। रद्द ट्रेनों के अलावा 11 व 13 जून को 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा, टिटलागढ़ रायपुर होकर, 13 व 15 जून को 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 12 व 15 जून को 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 12 व 13 जून को 12101 एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 14 व 15 जून को 2102 शालीमार-एलटीटी ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13 व 17 जून को 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर निकाली जाएगी, जिसके कारण ट्रेन के यात्रियों को रायपुर के बाद बिलासपुर, रायगढ़, ▶▶शेष पेज 12 पर

**प्रभावित होने वाली ट्रेनें**

- 7 से 18 जून तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 8 से 19 जून तक 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस।
- 8 से 19 जून तक 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस।
- 12 से 17 जून तक 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस।
- 10 से 14 जून तक 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस।
- 11 से 15 जून तक 12833/12834 अहमदाबाद-हावड़ा अप-डाउन एक्सप्रेस।
- 12 जून को 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस।
- 14 जून को 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस।
- 12 व 15 जून को 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस।

**खबर संक्षेप**

### किशोर से अश्लील हरकत ऑटो चालक को 3 वर्ष कैद

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व स्कूल जा रहे किशोर से अश्लील हरकत करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की फास्ट ट्रैक पॉक्सो कोर्ट ने तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के अनुसार कोर्ट ने प्रीतम दास जेठवानी (59) को कैद की सजा सुनाई है। ऑटो चालक ने बच्चे को स्कूल छोड़ने जाते समय अपने ऑटो के सामने बगल में बैठाकर अश्लील हरकत की थी।

### जुआ खेलते 15 गिरफ्तार डेढ़ लाख रुपए जब्त

**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में पुलिस तथा रात्रि गश्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को जुआरियों की फड़ पर छापे की कार्रवाई करते हुए 15 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा नकदी राशि जब्त की है। सभी जुआरी फाफाडीह इलाके में एक मैदान पर जुआ खेल रहे थे।

### रावांभाठा में मिला था बम बनाने का सामान, महापौर के रिश्तेदार ने रखवाया था, गिरफ्तार

## शादियों में होने वाली आतिशबाजी से सीखा बम बनाने का तरीका, बताया-खुद को उड़ाने वाला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

खमतराई थाना क्षेत्र के रावांभाठा में मितानिन के घर देशी बम रख कर सनसनी फैलाने वाला बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन का साला विनय देवांगन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विनय को मंगलवार देर रात रावांभाठा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया है कि वह पारिवारिक तनाव के कारण खुद को बम से उड़ाना चाहता था, इसीलिए उसने बम बनाया। बम को कहीं रखने की जगह नहीं मिली, तो उसने परिचित की मितानिन के घर रख कर दूसरे दिन लेने आने की बात कह कर चला गया।

पुलिस ने पिछले सप्ताह स्थानीय पार्षद की निशानदेही पर पुष्पा साहू के घर से शीशी में तैयार देशी बम जब्त किया था। बम के साथ पुलिस ने एक चिड़ीमार पिस्टल तथा रिमोट जब्त किया था। पूछताछ में पुष्पा ने पुलिस को बताया था कि उसके परिचित विनय देवांगन ने दूसरे दिन ले जाने की बात कह कर काले रंग का बैग छोड़ा था। बैग के संदिग्ध लगने पर पुष्पा ने इस बात की जानकारी स्थानीय पार्षद को दी। पार्षद ने बैग खोलकर देखा तो बैग के अंदर बम और चिड़ीमार पिस्टल मिला।

**पुलिस की थ्योरी खुद को बम से उड़ाना चाहता था**

पुलिस थ्योरी के अनुसार विनय पारिवारिक तनाव के कारण बहुत परेशान था, इसलिए खुद को समाप्त करने बम से उड़ाना चाहता था। पुलिस की थ्योरी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, विनय खुद को बम से उड़ाना चाहता था, उसके पास बम तैयार भी था, ऐसे में उसने बम को मितानिन के घर क्यों छोड़ा। चाहता तो वह खुद को पहले बम से उड़ा सकता था। साथ ही यह भी प्रश्न उठ रहा है कि विनय ने बम को पुष्पा के घर क्यों छोड़ा, चाहता को तो किसी अन्य जगह छिपा सकता था।

**शादी ब्याह के शॉट से सीखा बम बनाने का तरीका**

विनय ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने बम बनाने का तरीका शादी समारोह के दौरान आसमान में आतिशबाजी करने वाले लोगों के संपर्क में आकर सीखा। तरीका सीखने के बाद उसने अपने स्तर पर साधन जुटाकर देशी बम तैयार किया। बताया जा रहा है, विनय का अपनी पत्नी के अलावा परिजनों के साथ संबंध अच्छे नहीं थे। इसके चलते वह कई-कई दिन घर से गायब रहता था।

**पूरी रात पुलिस लॉकअप की निगरानी करती रही**

विनय की बातचीत से पुलिस को जो जानकारी मिली, उसके मुताबिक विनय काफी भावुक तथा सिंसेटिव व्यक्ति है। पुलिस को भय था कि वह लॉकअप के अंदर कोई उल्टा सीधा कदम न उठा ले। इसीलिए लॉकअप में बंद विनय की पुलिस के दो सिपाही पूरी रात जागकर निगरानी करते रहे। बुधवार को अफसरों की पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

### मानिक मेहता का आज होगा पोस्टमार्टम, किचन के सिंक में मृत पाए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ कालोनी में रहने वाले मानिक मेहता का गुरुवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। मानिक मेहता की मंगलवार को मौत हो गई थी। मेहता किचन के सिंक में झुके हुए मृत पाए गए थे। लाश देखने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस लाश अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों के आने का इंतजार कर रही है। मानिक की छोटी बहन सऊदी अरब में रहती है, वह गुरुवार को रायपुर पहुंचेगी। इसके बाद मानिक मेहता का पोस्टमार्टम होगा।

- सऊदी अरब से छोटी बहन के आने के बाद मेहता का पोस्टमार्टम

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक तौर पर तो मानिक मेहता की मृत्यु हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई है। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मानिक मेहता को न्यूरो संबंधित समस्या थी। कुछ माह पूर्व न्यूरों से संबंधित ऑपरेशन हुआ है। पुलिस आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा किसी संदिग्ध गतिविधि को ध्यान में रखते हुए धटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर रही है।

### 1.37 लाख आवेदन, फिजिकल टेस्ट के बाद 63 हजार पात्र, दो साल बाद जुलाई में होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सूबेदार, उप निरीक्षक और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने अततः राहत की सांस ली है। छग लोक सेवा आयोग ने प्रारंभिक लिखित परीक्षा की तिथि जारी कर दी है। 12 जुलाई को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। भर्ती के लिए विज्ञापन फरवरी 2024 में आयोजित की गई थी। इस तरह से दो साल से भी अधिक समय तक इंतजार करते रहने के बाद लिखित परीक्षा आयोजित होगी। इन पदों के लिए 33 जिलों से एक 37 लाख 323 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा दस्तावेज एवं शारीरिक माप परीक्षण के बाद कुल 63 हजार 342 अभ्यर्थियों को पात्र घोषित किया गया है। ये पात्र अभ्यर्थी ही 12 जुलाई को होने वाली परीक्षा में शामिल होंगे।

- सूबेदार, उप निरीक्षक व प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा, 2024 में जारी हुआ था विज्ञापन

**33 जिलों में केंद्रः** परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए 33 जिले में केन्द्र बनाए गए हैं। जिला सरगुजा (अंबिकापुर), कोरिया (बैकुण्ठपुर), बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, दंतेवाड़ा, बस्तर (जगदलपुर), जांजगीर-चांपा, जशपुर, कवर्धा, उत्तर बस्तर कांकेर को केन्द्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार कोरबा, महासमुन्द, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, बलरामपुर- रामानुजगंज, सूरजपुर, गरियाबंद, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, सुकमा, बेमेतरा, बालोद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, ▶▶शेष पेज 12 पर

### ओवर टाइम भुगतान घोटाला, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी का वाइस प्रेसिडेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शराब दुकान कर्मियों के नाम से 101 करोड़ रुपए से ज्यादा ओवर टाइम भुगतान घोटाला के आरोप में एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने छत्तीसगढ़ डिस्टलरी के वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग एन. उदय राव को बुधवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को जांच एजेंसी ने स्पेशल कोर्ट में पेश किया। उल्लेखनीय है कि शराब दुकान कर्मियों के नाम पर ओवर टाइम घोटाला के आरोप में जांच एजेंसी ने पूर्व में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन सातों आरोपियों को भी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोरपियों को अगली सुनवाई तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है।

जांच एजेंसी के मुताबिक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसएमएल) ▶▶शेष पेज 12 पर

**शराब घोटाला सुनवाई में पहुंचे 69 आरोपी**

ईओडब्लू, एसीबी द्वारा दर्ज शराब घोटाले की नियमित सुनवाई में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, चैतन्य बघेल, डिस्टलर्स, आबकारी अधिकारी सहित कुल 69 आरोपी कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने अगली सुनवाई 4 जून को निर्धारित की है। विशेष न्यायालय ईडी के समंस पर मेसर्स प्रिज्म होलोग्राम के विधु गुप्ता, कारोबारी लक्ष्मी नारायण बंसल, पियूष बृजलानी, नीतीश पुरोहित, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव उपस्थित हुए। ईडी द्वारा दर्ज घोटाले के इन आरोपियों ने सीआरपीसी की धारा 88 के तहत कोर्ट में जमानत आवेदन प्रस्तुत किया है।

**तीन अलग-अलग मदों में भुगतान**

ईओडब्लू, एसीबी की विवेचना में उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार मैन पावर एजेंसियों को वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच तीन अलग-अलग मदों में अतिरिक्त भुगतान किया जाना पाया गया है, जो इस प्रकार से है-
ओवर टाइम भुगतान - लगभग 101.20 करोड़
बोनस भुगतान – लगभग 12.21 करोड़
अतिरिक्त दिवस कार्य का भुगतान - लगभग 54.46 करोड़
इस तरह ओवर टाइम, बोनस एवं चार अतिरिक्त कार्य दिवस भुगतान पर सर्विस चार्ज के रूप में लगभग 15.11 करोड़ तथा इस प्रकार के उक्त सभी मदों को मिलाकर कुल लगभग 182.98 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान सुमीत फैसिलिटीज, प्राइमवन वर्कफोर्स, एटूजेड इंफ्रा सर्विसेस, अलर्ट कमांडोज एवं ईगल हंटर सॉल्यूशंस सहित संबंधित मैन पावर एजेंसियों को किया गया था।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर गंभीरता नहीं**

## कचना ब्रिज रेडी, पर नेता रेडी नहीं, इसलिए खुल नहीं रहा, जाम से फालतू में उड़ रहा पेट्रोल-डीजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल तक पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील की है। इस पर अमल भी होने लगा है, लेकिन अपने राज्य छत्तीसगढ़ की राजधानी में कचना ब्रिज के पूरा होने के बाद भी नेताओं के इंतजार के कारण इसको ट्रायल के लिए खोलने में विलंब हो रहा है। ऐसा होने से रेलवे फाटक के बंद होने से जाम के कारण रोज सैकड़ों लीटर पेट्रोल और डीडल की फालतू में खपत हो रही है। ▶▶शेष पेज 12 पर



**रोज लगता है लंबा जाम**

कचना रेलवे क्रासिंग पर रोज लंबा जाम लगता है। इस रेलवे फाटक से कचना, खम्हारडीह सहित एक दर्जन से ज्यादा कालोनी के लोग गुजरते हैं। एक जानकारी के मुताबिक इस फाटक के बंद होने के कारण यहां पर रोज लंबा जाम लगता है। इस जाम में रोज हजारों लोग और वाहन फंसते हैं। जाम में फंसने के कारण वाहनों का पेट्रोल और डीजल मुफ्त में खर्च होता है। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री पेट्रोल और डीजल को बचाने की बात कर रहे हैं और दूसरी तरफ नेताओं का समय न मिलने के कारण ब्रिज को खोला नहीं जा ▶▶शेष पेज 12 पर

# गोढ़ी के अपना घर की मदद से झारखंड का रास्ता भूला युवक अंततः परिजनों से मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए अपना घर आश्रम रायपुर ने एक मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं रास्ता भटक चुके युवक को उसके परिवार से मिलाकर नई उम्मीद दी। परिवार से बिछड़ चुके युवक के परिजनों की आंखों से खुशी और भावुकता के आंसू छलक पड़े। जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय रोहित नायक निवासी ग्राम करमटोली, पंचायत केरसी, जिला सिमडेगा (झारखंड) गोवा से अपने घर लौट रहा था। मानसिक अस्वस्थता एवं रास्ता भटक जाने के कारण वह भूलवश ट्रेन बदलकर रायपुर पहुंच गया। रायपुर पहुंचने के बाद वह पूरी तरह असहाय स्थिति में था। उसके पास न तो पैसे थे और न ही घर पहुंचने का कोई साधन। किसी तरह एक टैक्सी चालक की मदद से उसने अपने परिवार से संपर्क किया। परिवार वालों ने युवक को सुरक्षित घर भेजने की उम्मीद में टैक्सी चालक के खाते में 2000 रुपये ट्रांसफर किए और उसे बस से राउरकेला भेजने का आग्रह किया। लेकिन मानवता को शर्मसार करते हुए टैक्सी चालक ने युवक को बस में बैठाने के बजाय माना क्षेत्र के सुनसान इलाके में छोड़ दिया। भूख-प्यास से बेहाल युवक पर विजय कुमार नामक व्यक्ति की नजर पड़ी।

### आश्रम में युवक को आश्रय मिला

उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए युवक को थाना माना कैंप पहुंचाया। इसके बाद माना थाना पुलिस ने 11 मई की रात युवक को अपना घर आश्रम रायपुर में भर्ती कराया। आश्रम में युवक को सम्मानपूर्वक आश्रय दिया गया। भोजन एवं आवश्यक देखभाल के बाद उसे विश्राम कराया गया। अगले दिन सुबह युवक ने वार्ड प्रभारी को अपनी पूरी व्यथा सुनाई और अपने बड़े भाई का संपर्क नंबर दिया। आश्रम प्रबंधन ने तुरंत परिवार से संपर्क किया। सूचना मिलते ही युवक के पिता, माता, बहन, चाचा सहित कुल छह सदस्य अपने निजी वाहन से 12 मई की रात करीब 11:45 बजे अपना घर आश्रम पहुंचे। देर रात आश्रम में ही विश्राम करने के बाद बुधवार सुबह युवक को परिवार के सुपुर्द किया गया। इस दौरान माहौल बेहद भावुक हो गया। युवक की बहन ने नम आंखों से कहा, "मानवता अभी भी जिंदा है।" परिवारजनों ने आश्रम प्रबंधन की मुक्तकंठ से सराहना की तथा श्रद्धापूर्वक आश्रम की दान पेटी में सहयोग राशि अर्पित कर अपने घर के लिए रवाना हुए।अपना घर आश्रम रायपुर द्वारा की गई इस सेवा भावना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मानवता और संवेदनशीलता आज भी समाज में जीवित है।

## खबर संक्षेप

### हरदीडीह में रेत के अवैध उत्खनन में संलिप्त तीन चेन माउंटेन किया जब्त

**चंदखुरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सख्त निर्देशों के बाद छत्तीसगढ़ में अवैध खनन के खिलाफ खनिज विभाग का अभियान तेज हो गया है। विभाग ने महानदी किनारे अवैध रेत उत्खनन करने वाले माफियाओं पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता एवं रायपुर जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने तहसील आरंग अंतर्गत ग्राम हरदीडीह स्थित महानदी में औचक निरीक्षण किया। टीम ने यहां नियमों का उल्लंघन करते हुए मशीनों से रेत उत्खनन करते पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 3 चैन माउंटेन मशीनें जब्त कर सील कर दीं। खनिज विभाग ने इस मामले में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957की धारा 21 के तहत कार्रवाई की है। संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। कार्रवाई के दौरान केंद्रीय उड़नदस्ता की टीम के साथ जिला स्तरीय अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। विभागीय सचिव और संचालक स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लग रहा है। खनिज विभाग ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रदेश में कहीं भी खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण या पट्टा शर्तों के उल्लंघन पर किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता ऐसे मामलों में लगातार कड़ी कार्रवाई जारी रखेगा।

### किक बॉक्सिंग में अभनपुर ने जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य

**अभनपुर।** कोरबा में आयोजित 13वीं राज्य किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में एनएस मार्शल आर्ट अकादमी अभनपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में अकादमी के 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 4 स्वर्ण, 4 रजत तथा 10 कांस्य पदक जीतकर अभनपुर का नाम रोशन किया। सागर सोनवानी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। साथ ही अभनपुर के खिलाड़ियों ने नेशनल टीम चयन प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पास की। प्रतियोगिता में दुर्गेश ने 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य, हिमांशु 1 स्वर्ण एवं 1 रजत, हर्ष 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य, आकांक्षा 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक जीता। वहीं दुर्गेश्वरी ने 1 रजत एवं 1 कांस्य, आकाश ने 1 रजत, आंचल ने 1 रजत एवं 1 कांस्य, सुमी मजूमदार ने 2 कांस्य, आदित्य ने 1 कांस्य तथा शारदा ने 2 कांस्य पदक हासिल किए। इस उपलब्धि पर मनीष बाग टेक्निकल डायरेक्टर म्यूजिकल फॉर्म एवं नेमधारी सोनवानी ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## समस्या : 30 एकड़ का ऐतिहासिक जलाशय औद्योगिक रसायन से प्रदूषित

# औद्योगिक प्रदूषण से ऐतिहासिक पहाड़ी तालाब का अस्तित्व संकट में, शिकायत कि फिर भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

- 100 साल पुराने बरगद के साये में दम तोड़ती 30 एकड़ की विरासत

औद्योगिक विकास की चकाचौंध के बीच मानवता को शर्मसार करने वाली एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने पूरे सिस्टम को कठघरे में खड़ा कर दिया है। जनपद पंचायत धरसींवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अकोली में स्थित 30 एकड़ की विशाल 'पहाड़ी तालाब' आज रसूखदार उद्योगपतियों की हैवानियत और सरकारी नुमाइंदों की आपराधिक खामोशी की भेंट चढ़ चुकी है। तालाब के किनारे खड़ा 100 वर्षों से अधिक उम्र का विशाल बरगद का पेड़ आज मानो इस जलाशय की दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। यह पेड़ उस दौर का गवाह है जब यह तालाब कलकल करती हुई जीवनदायिनी हुआ करती थी, लेकिन आज यह तालाब मौत का ऐसा दरिया बन चुका है जिसके पास फटकने की हिम्मत न तो इंसान की है और न ही किसी बेजुबान जानवर की।

आज से 20 वर्ष पहले तक यह तालाब न केवल ग्रामीणों के निस्तारी का मुख्य साधन था, बल्कि क्षेत्र के पशु-पक्षियों के लिए जीवन का आधार था। इसी तालाब के भीतर एक प्राचीन पुरातत्व मंदिर भी स्थित है, जो आज कटीली झाड़ियों और जहरीले पानी के बीच कैद होकर अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। कभी यहाँ श्रद्धा और आस्था की लहरें उठती थीं, लेकिन आज वहां केवल उद्योगों द्वारा छोड़ा गया गाढ़ा, काला और रसायनों से भरा 'जहर' नजर आता है। यह विडंबना ही है कि जिस मंदिर और तालाब को धरोहर के रूप में सहेजना था, उसे सिलतरा के आधा दर्जन नामचीन उद्योगपतियों ने अपना 'कचरा पात्र' बना लिया है।

### तालाब में सीधे उतारा जा रहा केमिकल

इन रसूखदार उद्योगों की काली करतूत का आलम यह है कि इन्होंने बिना किसी डर के सीधे तालाब के भीतर पाइपलाइनें बिछा दी हैं। इन पाइपों से दिन-रात निकलने वाला खतरनाक केमिकल युक्त पानी सीधे तालाब की कोख में समा रहा है। जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की सख्त धाराओं को ठेंगा दिखाते हुए यह खेल वर्षों से जारी है। ग्रामीणों और सरपंच का कहना है कि उन्होंने कई बार गुहार लगाई, लेकिन उद्योगपतियों की 'दबंगई' और प्रशासन की 'मिलीभगत' के कारण आज तक एक भी नोटिस इन फैक्ट्रियों को जारी नहीं हुआ। आखिर कौन है जो इन 'मौत के सौदागरों' को संरक्षण दे रहा है? क्यों प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी बंद कमरों में बैठकर अकोली की इस तबाही की अनदेखी कर रहे हैं?

### औद्योगिक प्रदूषण से विरासत संकट में

सिलतरा के अकोली गांव में 30 एकड़ का 'पहाड़ी तालाब' रसूखदार उद्योगों की भेंट चढ़ चुका है। सरपंच राहुल वर्मा के अनुसार, फैक्ट्रियों से निकलने वाले जहरीले रसायनों ने तालाब को जर्जर बना दिया है, जिससे ग्रामीणों में भारी डर है। वहीं पूर्व सरपंच हरिश्चंद्र वर्मा का दावा है कि पाइपलाइनों के जरिए सीधे जहर घोला जा रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन की चुप्पी मिलीभगत की ओर इशारा करती है। यह ऐतिहासिक धरोहर और तालाब अब अपना अस्तित्व बचाने की अंतिम पुकार लगा रहे हैं।

### जांच टीम गठित की जाएगी

अकोली के पहाड़ी तालाब में उद्योगों द्वारा केमिकल युक्त पानी छोड़े जाने का मामला अत्यंत गंभीर है। इस संबंध में तत्काल एक विशेष जांच टीम गठित की जा रही है, जो मौके का मुआयना कर रिपोर्ट सौंपेगी। यदि पाइपलाइनों के माध्यम से प्रदूषण फैलाने की पुष्टि होती है, तो संबंधित उद्योगों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पत्र लिखा जाएगा।

## पालिका की कोताही से राशि आवंटित के बाद में विकास कार्य नहीं : इंद्रकुमार

**अभनपुर।** जन समस्या निवारण शिविर सुशासन तिहार कार्यक्रम मे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने नगर पालिका के पदाधिकारियो की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुये भारी नाराजगी व्यक्त किया। श्री साहू ने कहा कि नगर के विकास व आम जनता की मूलभूत सुविधाओ के लिए शासन द्वारा पर्याप्त धन राशि उपलब्ध कराने के बावजूद भी विकास कार्य अवरूद्ध हो रहे है, विगत 1 वर्षो मे 12 करोड़ से अधिक राशि विभिन्न कार्यो के लिए शासन द्वारा प्रदान की गई है जिसमे नगर पालिका द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो मे प्रगति नही दिख रही है। केन्द्र सरकार द्वारा 15वे वित्त से साढ़े तीन करोड़ से अधिक की राशि विगत 2 महीने से आकर पड़ी हुई है जिसे पेयजल,स्वच्छता व अन्य मूलभूत सुविधाओ मे खर्च किया जाना है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि परिषद् की बैठक नही होने के कारण कार्ययोजना ही नही बन पा रही है स्टेडियम के लिए 1 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत है।

**सुशासन शिविर में 625 आवेदन प्राप्त हुये :** इसी तरह बहुत से निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिल चुकी है लेकिन दुर्भाग्य की बात है नगर पालिका मे परिषद् एवं पीआईसी मे पास नही होने के कारण सभी काम रूके हुये है जिससे नगर की जनता मूलभूत सुविधाओ से वंचित हो रही है तथा सरकार की बदनामी हो रही है। इस संबंध मे विधायक ने अधिकारियो को निर्देश दिये है कि तय समय सीमा मे परिषद् द्वारा स्वीकृति नही दिये जाने पर शासन स्तर पर कलेक्टर के पास कार्यो की स्वीकृति के लिए भेजा जाये। सुशासन तिहार के शिविर मे कुल 625 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमे से 508 मांग एवं 117 शिकायत संबंधी आवेदन मिले है,सुशासन शिविर मे पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी एवं नगर के लोगो ने एलपीजी गैस सिलेण्डर का 45 दिन मे वितरण किये जाने का मुद्दा पर शिकायत की गई,अधिकांश मांगे प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित रही। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और उन्होने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी प्रशासन द्वारा समस्याओ के त्वरित निराकरण भी किये गये।

# खौना के सुशासन शिविर में विधायक ने बांटी सौगात, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा \ सिलयारी

ग्राम ख़ौना में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विधायक अनुज शर्मा ने जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उपस्थित अधिकारियो को तत्काल उनके निराकरण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभवों और उन योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन के बारे में जाना तथा शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, गैस सिलेंडर, ड्राइविंग लाइसेंस, आयुर्वेदिक दवाईयां, कृषि बीज, आवास योजना तहत खुशियों की चाबी एवं महिलाओं को पोषण आहार और योजनाओं के तहत मिलने वाली सामग्रियों का वितरण कर विभागीय व स्वसहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से प्रशासन अब सीधे जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने, उसका निराकरण करने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूर्ण पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है। यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच है, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक अनुज शर्मा, रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह, रायपुर एडीएम ,जिला पंचायत रायपुर सीईओ कुमार विश्वरंजन, एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार चंद्रशेखर मंडाई, सुमीत सेन, प्रियंका वर्मा, कुंजलाल वर्मा सहित सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी ,लाभार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप तिल्दा ब्लाक में सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम ग्राम पंचायत ख़ौना ,में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर संचालित योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। विधायक अनुज शर्मा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और उपस्थित अधिकारियो को तत्काल उनके निराकरण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान विधायक अनुज शर्मा ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों से मुलाकात कर उनके अनुभवों और उन योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन के बारे में जाना तथा शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, गैस सिलेंडर, ड्राइविंग लाइसेंस, आयुर्वेदिक दवाईयां, कृषि बीज, आवास योजना तहत खुशियों की चाबी एवं महिलाओं को पोषण आहार और योजनाओं के तहत मिलने वाली सामग्रियों का वितरण किया इस अवसर पर अनुज शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से प्रशासन अब सीधे जनता के द्वार पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनने, उसका निराकरण करने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूर्ण पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है। यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच है, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है।

## मुरा खदानों में ब्लास्टिंग से घरों में दरारें, कार्रवाई नहीं

**सिलयारी।** ग्राम मुरा में संचालित चुनापत्थर खदान को लेकर ग्रामीणों में गहरी चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि खदान क्षेत्र में विस्फोटक ब्लास्टिंग की तैयारी के तहत बोर मशीन से बड़े-बड़े गड्ढे (होल) किए जा रहे हैं, जिससे आसपास के रहवासी क्षेत्रों एवं किसानों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि यहां बड़े स्तर पर ब्लास्टिंग की गई, तो आसपास के मकानों में दरारें आने, खेतों एवं फसलों को नुकसान पहुंचने, अत्यधिक धूल प्रदूषण फैलने तथा जनहानि जैसी गंभीर घटनाओं की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खदान स्थल की तत्काल जांच कराई जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि खदान संचालन में विस्फोटक उपयोग की अनुमति, पर्यावरणीय स्वीकृति, सुरक्षा मानकों एवं खनन नियमों का विधिवत पालन किया जा रहा है या नहीं।




## सेन समाज के अधूरे भवन पूरा करने का आश्वासन डा. संदीप जैन ने दिया

# सेन महाराज की जयंती मनाई व समाज के मेधावी छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 527वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा संत शिरोमणि श्री सेन जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और सबके सहयोग से आज अग्रणी है। व्यक्ति की अपनी खानी, पानी और बानी अर्थात खान-पान और जुबान सही हो, तो वह जीवन में आगे बढ़ता है। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति नहीं समाज बड़ा होता है, व्यक्ति नहीं पार्टी बड़ी होती है। उन्होंने सेन समाज आरंग की मांगों को पूरा करने की बात कही। कर्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने अपने उद्बोधन में सेन जी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सेन समाज भवन के अधूरे कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया।

मुख्य अतिथि द्वारा सेन समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। जिसमें कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी से याशिका ठाकुर, कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी से ऐश्वर्या ठाकुर, कक्षा 12वीं में माधुरी सेन, खेल में स्टेट खिलाड़ी प्रतीक्षा ठाकुर, हैंडबॉल के लिए याशिका ठाकुर तथा इंटरनेशनल हैंडबॉल गोल्ड मेडलिस्ट गौरव ठाकुर को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम एकल गीत - आशुतोष ठाकुर, द्वितीय दहेज प्रथा नाटक - स्वाति, गीतांजली, मधुरिमा समूह तथा तृतीय शिव तांडव - कंचन एवं तनु को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विक्रम परमार, देवनाथ साहू, के.के. भारद्वाज, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख लखन लाल शांडिल्य, प्रवीण सेन, पुरुषोत्तम सेन, प्रहलाद सेन, निहाल सेन, सुरेंद्र त्रिवेणी सेन, राजेंद्र सेन, पप्पी सेन, तरुण सेन, सुरेश सेन, सोनू सेन, विनोद सेन, सतीश सेन, आकाश सेन, गौरव ठाकुर, महासमुंद से भेष लाल ठाकुर, लोकनाथ ठाकुर एवं रोहित सेन, रायपुर से जगदीश ठाकुर, संतोष सेन, व्यास ठाकुर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार ठाकुर एवं आभार व्यक्त रानू सेन, अध्यक्ष महिला सेन समाज आरंग द्वारा किया गया।

### संगठित समाज करता है तरक्की : मोना सेन

मोना सेन ने कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। अतः समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। गौरीशंकर श्रीवास ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा साधन है, जो व्यक्ति के जीवन को आगे बढ़ाता है। उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को याद करते हुए कहा कि वे एक सामान्य परिवार से होकर भी सभी को साथ लेकर चले, इसलिए हमारी सरकार ने उन्हें भारत रत्न प्रदान किया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा उड़ीसा प्रवास पर थे। कार्यक्रम के अंत में समय निकालकर वे समाज के लोगों को बधाई देने सेन भवन पहुंचे। कैलाश ठाकुर, अध्यक्ष सेन समाज आरंग द्वारा सामाजिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया।

# वन मंत्री कर रहे इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग, फॉलो पायलट गाड़ी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक परिस्थितियों और ऊर्जा संरक्षण को लेकर देशवासियों से की गई अपील का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रधानमंत्री की बातों को केवल सुनने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें अपनी दिनचर्या और जीवनशैली में भी अपनाना आवश्यक है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि वे स्वयं लंबे समय से आवश्यकताओं को सीमित रखने और अनावश्यक संसाधनों के उपयोग से बचने का प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंत्री बनने के बाद भी उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या केवल दो तक सीमित रखी, ताकि ईंधन की अनावश्यक खपत को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने शासकीय बंगले में उपयोग के लिए उपलब्ध अतिरिक्त वाहनों को वापस विभाग को सौंप दिया, जिससे सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके।

### बढ़ाया ऊर्जा संरक्षण पर फोकस

मंत्री श्री कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद रायपुर प्रवास के दौरान उनके साथ चलने वाली फॉलो पायलट गाड़ी को भी फिलहाल बंद कर दिया गया है, ताकि ईंधन की बचत और संसाधनों के संयमित उपयोग का संदेश व्यवहारिक रूप से दिया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में वे इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है।

### घर में लगवाए सोलर पैनल

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा, ऊर्जा संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसी सोच के तहत उन्होंने अपने निवास पर सोलर पैनल भी स्थापित करवाए हैं, ताकि पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम हो और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले।

### देशहित के विषयों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री की अपील पर की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, देशहित, ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता जैसे विषय राजनीति से ऊपर हैं। ऐसे मुद्दों पर सभी दलों और नागरिकों को एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

## मंत्री राजवाड़े ने फालो वाहनों का उपयोग किया बंद

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन संरक्षण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने के आह्वान से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विभागीय स्तर पर वाहनों के उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। साथ ही उन्होंने सुरक्षा संबंधी अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों को छोड़कर पायलट वाहन, फॉलो गाड़ी एवं अन्य विशेष प्रोटोकॉल वाहनों का उपयोग नहीं करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने अपने अधीन महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग में वाहनों के समुचित उपयोग और मितव्ययिता बरतने के संबंध में विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने दोनों विभागाध्यक्ष कार्यालयों को उपयोग में लिए जा रहे वाहनों की तत्काल समीक्षा कर संख्या घटाने तथा केवल अत्यंत आवश्यक वाहनों को ही पुनः आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। शेष वाहनों का उपयोग फिलहाल नहीं किए जाने को कहा गया है। उन्होंने अपने निवास कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पूल व्हीकल व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि ईंधन की बचत के साथ संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।*

## केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने भी घटाई काफिले के वाहनों की संख्या

*केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने सुरक्षा में लगे फॉलोअप एवं काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा काफिले में वाहनों की संख्या कम कर सादगी, ऊर्जा संरक्षण एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिए जाने से प्रेरित होकर लिया है। साहू ने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकटों और ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए संसाधनों का संतुलित एवं जिम्मेदार उपयोग समय की मांग है। वे प्रधानमंत्री के सात महत्वपूर्ण जनहितकारी अपीलों का पूर्ण अनुकरण करेंगे। केन्द्रीय राज्यमंत्री कहा कि राष्ट्रहित में सादगी, ऊर्जा संरक्षण, आत्मनिर्भरता और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को जन-भागीदारी से जन-आंदोलन बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने आम नागरिकों से भी प्रधानमंत्री जनहितकारी अपीलों का पालन करने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया है।*

## खबर संक्षेप

### एक्सपायरी दवा मामले में पुलिस कमिश्नर से एफआईआर दर्ज करने की मांग

**रायपुर।** पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और कांग्रेसियों ने संभागायुक्त को शिकायत की है कि गुढ़ियारी ''हमर अस्पताल'' एवं छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वेयरहाउस तथा प्रदेश के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में एक्सपायरी दवाइयों के अवैध भंडारण, आपूर्ति, वितरण पर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। श्री उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी गुढ़ियारी क्षेत्र में संचालित ''हमर अस्पताल'' एवं छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वेयरहाउस में भारी मात्रा में एक्सपायरी तथा निकट-एक्सपायरी अवधि वाली औषधियां पायी गयीं। इस घटनाक्रम ने न केवल प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की विश्वसनीयता को गहरे संकट में डाल दिया है, बल्कि यह भी स्पष्ट संकेत दिया है कि स्वास्थ्य आपूर्ति प्रणाली में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, वित्तीय अनियमितता, आपराधिक मिलीभगत एवं जनस्वास्थ्य के साथ असंवेदनशील खिलवाड़ किया जा रहा है।

### जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे के नेतृत्व में बिरगांव में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार हल्ला बोल किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बंजारे ने आरोप लगाया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार केवल दिखावा और प्रचार कर रही है, जबकि आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है। बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में हजारों गरीब परिवार वर्षों से पट्टे की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा, कांग्रेस शासनकाल में अनेक गरीब परिवारों के पट्टे बनकर तैयार हो चुके थे, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद उन पट्टों को अलमारी में बंद कर दिया गया। आखिर गरीबों का हक किसके दबाव और संरक्षण में रोका गया है? भाजपा सरकार गरीबों को उनका अधिकार क्यों नहीं देना चाहती? अब बिरगांव की जनता इसका जवाब मांग रही है।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पदाधिकारियों ने किया संबोधित

# वैभवपूर्ण और आर्थिक समृद्धिशाली भारत बनाना हमारा लक्ष्य : शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई। भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की जो चर्चा हम करते हैं, उससे जन-जन को जोड़ने का कार्य करने वाले महापुरुष पश्चिम बंगाल से आते हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत हमारी वैचारिक जीत है। हम भारत को वैभवपूर्ण एवं विकसित भारत बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

उन्होंने कहा, समरस समाज का निर्माण हमारा लक्ष्य हो। कार्यकर्ता की संवेदनशीलता का भाव प्रेरणा का स्त्रोत होता है। वैभवपूर्ण और आर्थिक समृध्दिशाली भारत बनाना हमारा लक्ष्य है। विकास और सुशासन में संतुलन बनाते हुए 140 करोड़ भारतवासियों में सांस्कृतिक गौरव का भाव स्थापित करना है। उस लक्ष्य के लिए भाजपा की राजनीतिक यात्रा चल रही है। हम सब मिलकर फिर से मजबूत छत्तीसगढ़ व विकसित भारत के लिए जुटेंगे।

### मोदी की गारंटी के वादों को पूरा कर जन विश्वास अर्जित किया : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा, कार्यकर्ताओं पर भाजपा के जनाधार को लगातार बढ़ाने की महती जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदेश में नक्सली आतंक के खात्मे की चर्चा करते हुए कहा, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनथक परिश्रम से यह कार्य समयबध्द ढंग से पूरा हुआ है। इन क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य हुए और वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा करके प्रदेश सरकार ने जन विश्वास अर्जित किया है।

### भाजपा कार्यकर्ता पूरे साल सक्रिय रहते हैं : किरण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव बैठक में कहा, पश्चिम बंगाल की जीत बहुत बड़ी जीत है। विश्व में इसकी चर्चा हुई। तमिलनाडु व केरलम में भी हमारी ताकत बढ़ी है। इसके लिए सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए श्री देव ने विधानसभा चुनाव से लेकर लोकसभा, पंचायत व नगरीय निकाय चुनावों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की।

### कार्यकर्ता संगठन का आधार होता है : जम्वाल

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने संगठन कौशल, व्यवस्था और जिला प्रशिक्षण विषय पर कहा, कार्यकर्ता संगठन का आधार होता है। कार्यकर्ता अधिक सुव्यवस्थित हो, उसका सर्वांगीण विकास हो, उसके लिए प्रशिक्षण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जाती है। आगामी दिनों में जिलों प्रशिक्षण वर्गों का कार्यक्रम होना है वह अनुशासित, व्यवस्थित व प्रभावी हो। वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को वर्गों में रात्रि विश्राम करके कार्यकर्ताओं की सभी तरह की जिज्ञासाओं का समाधान करना चाहिए।

### राष्ट्र प्रथम की भावना ही सर्वोच्च है : तोखन साहू

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा, अपने गठन के समय से भाजपा लगातार आगे बढ़ रही है और यह हमारी लक्ष्य निष्ठ वैचारिक प्रतिबध्दता का सुपरिणाम है। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम की भावना ही सर्वोच्च है।

### संगठन की कार्य योजना से सब जुड़ें : पवन

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठनात्मक गतिविधियों की चर्चा करते हुए पार्टी के कार्यो की समीक्षा की एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, सतत प्रवास और कार्यों की निगरानी करने से संगठन की शक्ति में वृद्धि होगी। नगरीय निकायों, व पंचायतों जनपद पंचायत चुनावों, उपचुनावों की दृष्टि से योजना बनाने पर भी जोर दिया।

### बैठक में रखे गए ये प्रस्ताव

बैठक में शोक प्रस्ताव प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने रखा। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने राजनैतिक प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं महासमुंद लोकसभा सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने किया। वहीं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल उन्मूलन प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किया।

# पेपर माफिया सक्रिय, मिल रहा है राजनीतिक संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट पेरर लीक कांड में एनएसयूआई के बाद अब यूथ कांग्रेस ने भी मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने पेपर लीक एवं लगातार हो रहे छात्र विरोधी घोटालों के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, जब-जब छात्रों की मेहनत के साथ खिलवाड़ किया जाएगा, युवा कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ती रहेगी। यह सिर्फ विरोध नहीं, युवाओं के अधिकार और भविष्य की लड़ाई है। छात्र दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और भाजपा सरकार के संरक्षण में पेपर माफिया भविष्य बेच रहे हैं। डीकेएस अस्पताल के सम्मुख हुए इस प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकर मेनन, पूर्व पार्षद सतनाम पनाग, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओम श्रीवास सहित युवा कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी व साथीगण मौजूद रहे।

### इधर, आप ने भी जताया रोष

कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने भी नीट परीक्षा लीक मामले में मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल कहा, यह 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ का मामला है। यह पूरी तरह से राजनीतिक संरक्षण और बड़े स्तर पर की गई मिलीभगत का परिणाम है। तंत्र को खबर क्यों नहीं लग पायी कि परीक्षा से 42 घंटे पहले ही प्रश्नपत्र बेचे जा रहे थे। यह पहली बार नहीं है। सभी मामलों को मिला दिया जाए तो पिछले 10 बरसों में 89 बार प्रश्नपत्र लीक हुए और 48 बार परीक्षा दोबारा हुई है। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें।

## टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में सहायक संचालकों की भर्ती

*रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आवास एवं पर्यावरण विभाग अंतर्गत सहायक संचालक के 21 पदों पर भर्ती के लिए अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। राज्य गठन के बाद यह पहला अवसर है जब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग में सहायक संचालक के पदों पर नियमित भर्ती की गई है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह भर्ती केवल रिक्त पदों की पूर्ति नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ के सुव्यवस्थित, वैज्ञानिक और दूरदर्शी शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, नियोजित विकास, आधुनिक शहरों के निर्माण और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई नियुक्तियों से विभाग को युवा, प्रशिक्षित और ऊर्जावान अधिकारियों का सहयोग मिलेगा, जो प्रदेश के शहरों और कस्बों के विकास को नई गति देंगे।*

# ग्रामसभा की फर्जी एनओसी के आधार पर जनसुनवाई करवा रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा की सरकार ग्रामसभा के अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। ग्राम अलदा ग्रामसभा की अनुमति में अतिरिक्त लाइनें जोड़कर फर्जी सहमति लेना बताया गया। वहीं देवरी, घुलघुल में बिना ग्रामसभा को बुलाये फर्जी सहमति बतायी गयी। अलदा में बालाजी स्पंज एंड आयरन लिमिटेड और देवरी घुलघुल में अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना के लिए लगातार गैर-संवैधानिक एवं संदिग्ध प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। प्रभावित गांवों के अधिकतर ग्रामीण इन उद्योगों का लगातार विरोध कर रहे हैं, लेकिन उनकी आपत्तियों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

संवाददताओं से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ग्राम अलदा की ग्रामसभा के प्रस्ताव में कथित कूट रचना कर स्वीकृति प्राप्त की गई। इसकी जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत तिल्दा तथा तहसीलदार-नायब तहसीलदार की समिति द्वारा की गई, जिसमें प्रस्ताव को फर्जी पाया गया। ज़ब पूर्व उपसरपंच लखनलाल वर्मा ने इस फर्जीवाड़े का विरोध किया, तो उन्हें राजस्व एवं पुलिस विभाग

द्वारा प्रताड़ित किया गया। देवरी घुलघुल में बिना ग्रामसभा एवं बिना पंचायत बैठक आयोजित किए कथित रूप से फर्जी एनओसी जारी कर दी गई। ग्रामीणों एवं पंचों को इसकी कोई सूचना नहीं दी गई। पंचायत के पंचों द्वारा शपथ पत्र देकर स्पष्ट किया गया है कि न तो बैठक आयोजित हुई और न ही किसी प्रकार की वैधानिक प्रक्रिया का पालन किया गया। मामले की जांच तहसीलदार स्तर पर जारी होने के बावजूद जांच प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से लंबित रखा जा रहा है।

### लोकसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग

उन्होंने कहा, सरकार के अनर्णिय तथा प्रधानमंत्री की अपील के बाद देश के अधिकांश पंप ड्राई हो गये है। मोदी ने तो आज तक इस वैश्विक संकट पर विपक्षी दलों की बैठक तक नहीं बुलाई। जब उनसे स्थितियां नहीं संभल रही तो देश की जनता से कम उपयोग की अपील कर रहे है।

### दी गई अनुमति तत्काल निरस्त करें

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कूट रचना एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जारी एनओसी तथा उसके आधार पर प्राप्त अन्य सभी अनुमतियां पूरी तरह संदिग्ध एवं अवैध प्रतीत होती हैं। अतः फर्जी एनओसी एवं उसके आधार पर दी गई सभी स्वीकृतियों और अनुमतियों को तत्काल निरस्त किया जाना आवश्यक है।

### मोदी देश के लिए घातक

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की नीतियां देश के लिए घातक है। उनकी सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों से देश को नुकसान हुआ है। नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन जैसे मोदी सरकार के निर्णय देश पर भारी पड़े हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दिया कि खेती में उर्वरक का उपयोग कम करें। उन्होंने देश के कामकाजी वर्ग को सलाह दिया कि वर्क फॉर्म होम करिए। ऑफिस मत जाईये। उन्होंने देश की महिलाओं को सलाह दिया खाद्य तेल कम उपयोग करें, गैस का उपयोग कम करे। उन्होंने देशवासियों से कहा सोना मत खरीदे। उन्होंने लोगों से कहा विदेश यात्रा मत करे। प्रधानमंत्री ने देश की जनता से अपेक्षा तो कर दी लेकिन खुद गुजरात में, आसाम में जलसा कर रहे थे, देश के लोगों को कहते है कि विदेश मत जाओ खुद 15 तारीख से विदेश जा रहे है।

## वर्चुवल बैठक में छत्तीसगढ़ का समन्वय अमर पारवानी ने किया

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापारिक संगठनों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड, भारत सरकार के चेयरमैन सुनील सिंघी के माध्यम से आज एफटीए के प्रभावी उपयोग विषय पर वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। विशेष संवाद कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों, उद्योग संगठनों एवं निर्यात क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी एवं व्यापारी बड़ी संख्या में जुड़े। छत्तीसगढ़ का समन्वय अमर पारवानी ने किया।

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि बैठक में भारत सरकार द्वारा विभिन्न देशों के साथ हुए एफटीए के तहत व्यापार एवं निर्यात क्षेत्र को मिलने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अधिकारियों द्वारा सेक्टर वाइज प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर विभिन्न उद्योगों एवं व्यापारिक क्षेत्रों के लिए उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया गया। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत सरकार ने निर्यात को प्रोत्साहन देने अनेक प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया है। जो भी व्यापारी एवं उद्योगपति निर्यात के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें भारत सरकार द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने व्यापारिक समुदाय से एफटीए का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। श्री गोयल ने विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर को एफटीए के अंतर्गत मिलने वाले अवसरों पर जोर देते हुए कहा, कि छोटे एवं मध्यम उद्योगों को निर्यात बढ़ाने के लिए विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही एफटीए से जुड़े देशों के उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के बीच आपसी विजिट, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान एवं बिजनेस नेटवर्किंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे दोनों देशों के व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

कार्यक्रम के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के मार्गदर्शन में निर्यात एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन से जुड़े विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी आने वाले समय में छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। इस दौरान प्रदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं निर्यातकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्यात बढ़ाने, वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने और एफटीए के व्यावहारिक लाभों की जानकारी प्रदान की जाएगी।




## शपथ ग्रहण समारोह कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 15 मई को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने देते हुए बताया कि इस शपथ ग्रहण समारोह में विगत 26 अप्रैल को महासंघ के कार्यालय में संपन्न हुए आम चुनाव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा।

## निधन

### राकेश दास

रायपुर। राजा तालाब निवासी राकेश दास (67) का नागपुर में 13 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 मई को दोपहर 1 बजे सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया जाएगा। वे स्व. नरेंद्र कुमार दास एवं ख्रीस्टिना दास के पुत्र और सिल्वीया दास के पति, रॉबिन दास, रॉबर्ट दास, रिचर्ड दास के पिता थे।

### शैलबाला जैस

रायपुर। एलआईजी-17, इंद्रावती कॉलोनी निवासी शैलबाला जैस (60) का 13 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सीबी साहू की पत्नी और मयंक जैस, मृदुला जैस की माता थीं।

# हरदीडीह महानदी में रेत का अवैध उत्खनन, 3 चेन माउंटेन मशीनें जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों में कार्रवाई का खौफ भी नहीं

रायपुर जिले में अवैध रूप से रेत का उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामले कार्रवाई के बाद भी थम नहीं रहे हैं। खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने आरंग क्षेत्र के ग्राम हरदीडीह स्थित महानदी में अवैध रेत का उत्खनन मामले में कार्रवाई की है। इस दौरान टीम ने मौके से रेत उत्खनन में लगी 3 चेन माउंटेन मशीनों को जब्त करते हुए सील किया है।

***रेत माफिया पर कसा जा रहा शिकंजा :*** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के तहत प्रदेश में खनिज सामग्री के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी इस पर पूर्ण रूप से अंकुश लग नहीं पा रहा है। रायपुर जिले में भी पिछले सप्ताह में आरंग क्षेत्र में लगभग चार खदानों में छापेमारी करते हुए एक दर्जन चेन माउंटेन मशीनों को जब्ती बनाया था। इस कार्रवाई के बाद इस क्षेत्र में फिर अवैध खनन का मामला सामने आया है। इससे पता चलता है कि रेत माफिया में कार्रवाई का खौफ नहीं है। हालांकि इसके पीछे बड़ा कारण खनन कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किया जाना है। कार्रवाई की जाती है, तो सिर्फ मशीन एवं हाईवा मालिक के खिलाफ की जाती है। इस कार्रवाई में भी वाहन एवं मशीन मालिक से अर्थदंड की राशि लेकर छोड़ दिया जाता है।

### मशीनों से खनन करने का नियम ही नहीं

खनिज विभाग के नियम के तहत रेत घाट पर मशीन से रेत उत्खनन का और न ही वाहन में लोड कराने नियम है। इसके बावजूद घाट पर मशीनों से ही उत्खनन कराकर वाहन में लोड कराया जा रहा है। नियम विरुद्ध खनन एवं लोडिंग कराने वालों के खिलाफ अब तक बड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। यही कारण है कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों में कार्रवाई का खौफ भी नहीं है।

# युवती 40 फीट ऊंचे यूनिपोल पर चढ़ी, पुलिस ने एक घंटे की मशक्कत के बाद नीचे उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के शंकर नगर टर्निंग पाइंट के पास की

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवती 40 फीट ऊंचे यूनिपोल पर चढ़ गई। यूनिपोल पर चढ़ने के बाद युवती ने शोर मचाया, तब लोगों का उसकी तरफ ध्यान गया और राह चलते लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक घंटे की मशक्कत के बाद युवती को फायर ब्रिगेड की मदद से नीचे उतारा।

पुलिस के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे के करीब राह चलते लोगों ने उन्हें एक युवती के यूनिपोल पर चढ़े होने की जानकारी दी। मौके पर जाकर पुलिस ने युवती से बात करने की कोशिश की, तो युवती का जवाब सुनकर पुलिस को उसके विक्षिप्त होने के बारे में जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार युवती पोल पर चढ़कर जोर-जोर से चिल्ला रही थी। युवती के यूनिपोल पर चढ़े होने की जानकारी मिलने पर राह चलते लोग अपनी गाड़ी रोक कर उसे देखने लगे। इसके चलते कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। युवती को फायर ब्रिगेड की टीम ने सीढ़ी की मदद से नीचे उतारा।

# समर क्लासेस का समापन, विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

रायपुर। छत्रपति शिवाजी स्कूल पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कालोनी में पिछले एक माह से चल रही समर क्लासेस का समापन बुधवार को किया जाएगा। इस अवसर पर पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन भवन में रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही समर क्लासेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। समारोह में जहां एक ओर नृत्य विभाग की छात्राओं के देशभक्ति नृत्य व पहाड़ी नृत्य ने जोरदार तालियां बटोरी, वहीं दूसरी ओर छात्रों ने जल संरक्षण का महत्व बताते हुए शानदार नाटक प्रस्तुत किया। शिक्षा के महत्व को बताते हुए प्रायमरी की छात्राओं के नाटक ने बहुत अच्छा संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या द्वय नफीसा रंगवाला व रशीदा फजली ने समर क्लासेस के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों से रचनात्मक गतिविधियों में हमेशा भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मौली चटर्जी, शुभा जैन, प्रीति शर्मा, वैशाली शुक्ला, दीप्ती श्रीवास्तव, शचि मिश्रा, नगमा आलम, शिरीन परवीन, नीना शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

## :: आम सूचना ::

(ग्राम कुर्रा (बंगोली) प.ह.नं. 38 तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुनील चौधरी पिता रामजी चौधरी निवासी ग्राम बंगोली थाना व तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा विक्रेता देवशरण वर्मा पिता श्री परसराम वर्मा निवासी- वार्ड नं. 2 अमली पारा, ग्राम कुर्रा (बंगोली) तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम कुर्रा प.ह.नं. 38, रा.नि.मं. बंगोली तहसील खरोरा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 4/1 क्षेत्रफल 0.2830 हेक्टेयर कृषि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतएव उपरोक्त वर्णित संपत्ति/भूमि के स्वत्व, हक, हित, आधिपत्य एवं कब्जा के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, साहूकार, शासकीय एवं अर्धशासकीय विभाग इत्यादि को किसी प्रकार से कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस के अंदर मय दस्तावेज के नीचे दिये पते पर लिखित में अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर किसी भी प्रकार से बंधनकारी नहीं होगा एवं मेरा पक्षकार उक्त इकरारशुदा भूमि का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लेवेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 13/05/2026

भवदीय
एम. के. वर्मा अधिवक्ता
पता- म.नं.क्यू-33 आशादीप स्कूल स्ट्रीट, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), मो. 70006-77659

## :: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ओम प्रकाश सेन पिता स्व. अघारी राम सेन निवासी न्यू सुभाषनगर टिकरापारा रायपुर छ.ग. ने विक्रेतागण 1. प्रमोद बनवासी पिता स्व. श्री मनराखन लाल बनवासी, 2. श्रेयांश बनवासी पिता श्री प्रकाश बनवासी निवासी तिंरगा चौक, टिकरापारा, रायपुर छ.ग. से उनके हक हित स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पत्ति- कृषि भूमि पर जो कि वाके मौजा ग्राम कांदुल, प.ह.नं. 00083, रा. नि. मं. रायपुर 18, कांदुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित संपत्ति जिसका खसरा नं. 45/1, रकबा 0.1620 हे., ख. नं. 43/2 रकबा 0.0180 हे., ख. नं. 44/3 रकबा 0.0090 हे., ख. नं. 45/2 रकबा 0.1620 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को प्रदान कर दिया है। जिसकी बयनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, बीमा, वित्तीय अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/ संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी ऊजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय सुसंगत दस्तावेज आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगा व अवैध व शून्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक- 13.05.2026

मुकेश कुमार साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह अधिवक्तागण मोती नगर बोरियाखुर्द पो. सुंदर नगर रायपुर छ.ग.
मो. 98271 16487, 98271 91198

## शपथपत्र

मैं, श्रीमती सुशीला सिंह, उम्र 62 वर्ष, पति- स्व. राजेश्वर सिंह, निवासी- फ्लैट नंबर 104, ब्लॉक-30, अशोका रतन, शंकर नगर, थाना पंडरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि :- 1-यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है। 2-यह कि, मेरे पास मूल रजिस्ट्री दस्तावेज (LINK DEED) था, जिसका स.ल. नंबर 11644 दिनांक 05/05/2004 है तथा पेज नंबर 62 से 65 तक संबंधित अभिलेख है। उक्त मूल दस्तावेज मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो अब गुम हो चुका है। 3- यह कि, आज दिनांक तक ज्ञात नही है, परंतु जब मैं उक्त दस्तावेज की जेरॉक्स कराने जा रही थी, उसी दौरान रास्ते में कहीं यह मूल दस्तावेज (LINK DEED) गुम हो गया। मैने अपने स्तर पर सभी संभावित स्थानो पर दस्तावेज की खोजबीन की, किंतु अब तक वह प्राप्त नही हो सका है। 4- यह कि, उक्त गुमशुदा दस्तावेज (LINK DEED) की गुम होने की सूचना थाना पंडरी रायपुर छ.ग. में दर्ज करवाना चाहती हूं। 5- यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के समर्थन में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 में उल्लेखित लेख मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सही है, जिसे मै अपने पूरे होशो-हवास में सत्यापित करती हूँ।

शपथकर्ता
सुशीला सिंह
मो. 7879123864

## नाम परिवर्तन संबंधी सार्वजनिक सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, संजना साहू (SANJANA SAHU), पिता श्री कैलाश साहू, निवासी टक्कर बापा, छोटा अशोक नगर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़), ने अपना पुराना नाम "संजना साहू (SANJANA SAHU)" बदलकर नया नाम "कन्हैया साहू (KANHAIYA SAHU)" रख लिया है।

अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम "कन्हैया साहू (KANHAIYA SAHU)" के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

# चाकू की नोक पर लूट, हिस्ट्रीशीटर सहित दो गिरफ्तार

रायपुर। मौदहापारा थाना क्षेत्र में चाकू की नोक पर फल कारोबारी के साथ मारपीट कर 11 हजार रुपए लूट के आरोप में पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर तथा उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। घटना 11 मई की रात की है। बदमाशों को पकड़ने एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के साथ पुलिस की स्पेशल टीम गठित की गई थी। शेख साहिल की शिकायत पर पुलिस ने राशिद अली उर्फ राजा उर्फ बैझड़ और उसके साथी भिवेश दुबे को गिरफ्तार किया है। शेख साहिल ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि 11 मई 2026 की रात करीब 10:30 बजे तालाब पार इलाके में कल्लू गैरेज के पास दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने चाकू दिखाकर डराया और उसके साथ मारपीट कर उसकी जेब से नकदी लूटकर फरार हो गए। ***आदतन बदमाश है राजा बैझड़ :*** मूल रूप से संजय नगर में रहने वाला राजा बैझड़ पिछले कुछ समय से मौदहापारा इलाके में मस्जिद के पास एक खाली प्लॉट में रह रहा था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार राशिद उर्फ राजा बैझड़ आदतन अपराधी है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

2026-27 शिक्षा भूमि
प्रवेश प्रारम्भ
Congratulations!

PRANAVANANDA ACADEMY
An English Medium Senior Secondary School
(Affiliated to C.B.S.E., Affiliation on 3330050)
www.bssparaipur.co.in
ADMISSION OPEN
Session -2026-27
Salient Features- • This is run & managed by the world renowned philanthropic organization of monks- Bharat Sevashram Sangha.
• Man making education is the motto of this School
Nursery to Class IX & XI
VIP Road, Raipur (C.G.)
Mob. : 79873-74076, 83497-84854, 73896-25110

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026
के सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
आज घोषित हुए सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन, लगन एवं उनके माता-पिता तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।
जीवन में परीक्षा केवल अंकों का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतर प्रयास का भी होता है। जिन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं, वे आगे भी इसी प्रकार मेहनत कर अपने परिवार, विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन करें। वहीं जिन विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाया है, वे निराश न हों, क्योंकि सफलता का मार्ग निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से ही बनता है।
आज का यह परिणाम विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो उन्हें नए अवसरों और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करेगा। हम सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं तथा आशा करते हैं कि वे अपने सपनों को साकार कर देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।
सभी विद्यार्थियों को पुनः हार्दिक बधाई।

SHIVANSH INTERNATIONAL SCHOOL
Kathadih Raipur Affiliation No. 3330355
Congratulations Our Great Achievers
Class 12th CBSE Board Exam 2026
94.4% Rashmita Sahoo COMMERCE
92.2% Kshitij Dewangan PCM
89.4% Srishti Singh COMMERCE
85.4% Vinita Sahu PCB
83.4% Shourya Sharma COMMERCE
82.2% Jatin Ku. Sahu PCM
81.8% Lalima Yadu COMMERCE
Email: shivanshinternationalschool@gmail.com | www.shivanshinternationalschool.com
Branch: KATHADIH ROAD, RAIPUR | PIPRAUD NAYAPARA RAJIM | KUNRA DHARSIWA
Contact No- 8878024922, 8770332493, 8319004566

ANGELS SCHOOL OF EXCELLENCE (Since 2000)
NO ADMISSION CHARGES
On The Occassion of 25th Year Anniversary
25 Years ANNIVERSARY
ADMISSION OPEN
from Pre-Nursery to Class XII
संस्कृति के साथ संस्कारों की शिक्षा
ATTRACTIONS IN ANGELS
• Admission Open for Special Children,
• Skill Development Classes,
• Sanskar Classes,
• Special Attention on Weak Students,
• Teaching through Digital Platform,
• Sports, Karate, Meditation,
• Snacks & Transport Facility
Near Pension Bada, DEO Office/Shailendra Nagar, Vivekanand Nagar, Raipur
MOB. : 93294-05594, 93002-05000

CHHATTISGARH PUBLIC SCHOOL
CPS
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Proud Tradition Promising Future...
CBSE AFFILIATION NO. 3330087
NEAR AIIMS, HEERAPUR ROAD TATIBANDH RAIPUR C.G.
9752148000, 9109166622, 07714094795
36GARH3330087@GMAIL.COM, WWW.CPSRAIPUR.COM
Congratulations
The school proudly recorded a 100% pass result.
Chhattisgarh Public School, Tatibandh, Raipur, deligted to share the CBSE 12th Board result 2026.
Our students have once again demonstrated academic excellence with an outstanding performance in the CBSE Class XII Board Examination 2025-26.
In 12th board examination 25% of students scored more than 90% and above Marks, 60% students scored 80% and above Marks and 90% students scored 1" Division.
Krishna Sahu 96.4 %
Madhav Pandit 95.8%
Parmeet Kaur Mann 93.4%
Rishika Nagpure 93.4
Astha Thakur 90.2
Riddhima Jain 90.2
Wishing our students continued success in their future endeavours
Admission Open Nursery To Class 12
"All Streams are Available" (Science, Commerce & Arts)
Separate Hostel for Boys & Girls
CPS KIDS ACADEMY
PLAYGROUP TO CLASS 5
SHANKAR NAGAR: 9109762200
SHRINAGAR: 9981977444, BIRGAON: 9827172688

## खबर संक्षेप

### सनातन धर्म के खिलाफ दिए बयान को लेकर शिवसेना आज करेगी पुतला दहन

**रायपुर।** तमिलनाडु के नेता और डीएमके के प्रमुख सदस्य उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ दिए गए बयान लगातार विवादों में रहे हैं। उन्होंने 2023 से लेकर 2026 तक कई मौकों पर सनातन धर्म को लेकर अपनी नकारात्मक राय दोहराई है, जिसे लेकर छत्तीसगढ़ शिवसेना घोर निंदा करती है और उदय निधि का विरोध स्वरूप 14 मई को शाम 5 बजे बूढ़ा तालाब धरना स्थल पर उसके फोटो का मुंह काला कर पुतला जलाया जाएगा। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश महासचिव संतोष मार्कंडेय ने बताया कि उदय निधि द्वारा सनातन विरोधी बयान दिया जाता रहा है जबकि देश की 80% जनसंख्या हिंदुओं का है और हिंदू धर्म में कभी किसी अन्य धर्म के खिलाफ अपशब्दों का उपयोग नहीं किया जाता, इसके बावजूद भी लोग धर्मांतरण करने के लिए हिंदुओं के धर्म के खिलाफ अनावश्यक टिप्पणी करते रहते हैं, जिसके विरोध में पुतला दहन किया जएगा।

### नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। बीफॉर्मा और डीफॉर्मा पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 21 मई को आयोजित की जाएगी। इसके लिए 33 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा भी 21 मई को ही आयोजित होगी, लेकिन इसके लिए सिर्फ एक ही जिले में केंद्र बनाया गया है। एडमिट कार्ड सहित अन्य सभी तरह की जानकारी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# आत्मानंद विद्यालय में लॉटरी प्रारंभ, पहले मिलते थे सीट से दस गुना आवेदन, इस बार दोगुने भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर जिले में 33 इंग्लिश माध्यम स्वामी आत्मानंद विद्यालय, पहली लॉटरी निकली 11 मई को

जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रवेश के लिए लॉटरी प्रारंभ हो गई है। जिले में 36 स्वामी आत्मानंद विद्यालय हैं। इनमें से 33 इंग्लिश माध्यम जबकि 3 हिंदी माध्यम है। इन विद्यालयों के लिए पहली लॉटरी 11 मई को निकाली गई थी। अधिकतर विद्यालयों में अंतिम चरण की लॉटरी 13 मई को निकाली गई, जबकि कई विद्यालयों में प्रक्रिया अभी शेष है। इस बार स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में दाखिले के लिए पूर्व की तरह आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं।

बीपी पुजारी स्कूल राजातालाब में एलकेजी कक्षा के लिए केवल 160 आवेदन ही प्राप्त हुए हैं। पहली कक्षा के लिए 90 आवेदन ही मिले हैं। जबकि बीते सत्र तक यहां के लिए हजार से अधिक आवेदन प्राप्त होते रहे हैं। इसी तरह से आरडी तिवारी विद्यालय में एलकेजी के लिए मात्र 390 और पहली कक्षा के लिए 213 आवेदन ही मिले हैं। यहां भी 1500 से अधिक अर्जियां दाखिले के लिए मिलती रही हैं।

## ना मिलने से बदहाल हुए स्वामी आत्मानंद विद्यालय, प्रवेश पर भी पड़ रहा असर

### सीट के बराबर भी आवेदन नहीं

ना केवल शहर के शीर्ष स्कूल बल्कि जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के लिए भी विशेष रूझान देखने को नहीं मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार, स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को मिलने वाले फंड में रुकावट अथवा विलंब के कारण यहां की स्थिति प्रभावित हुई है। इसके कारण पालकों में अपने बच्चों को यहां दाखिला दिलाने पूर्व की तरह उत्साह नहीं रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कई स्वामी आत्मानंद विद्यालय में स्थिति यह है कि यहां सीट के बराबर आवेदन भी नहीं मिले हैं।

### शिक्षकों की कमी से जूझ रहे संस्थान

पूरे मामले में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सरकार को घेरा है। लॉटरी निकाले जाने के बाद आवेदन की स्थिति को देखते हुए उन्होंने कहा, शिक्षकों की कमी एवं अव्यवस्था के कारण आम जनता का स्वामी आत्मानन्द योजना से संचालित स्कूलों में विश्वास कम हुआ है। पहले इन स्कूल का अध्यक्ष कलेक्टर को बनाया गया था। उस दौरान व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं थी। किंतु जब से यह स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत गए हैं, बदहाल हो गए हैं। शासकीय विद्यालयों से पालकों का विश्वास उठना चिंतनीय है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के साथ इंग्लिश भाषा में उनकी दक्षता को बेहतर करने का कार्य भी इस योजना के माध्यम से हो रहा था, लेकिन अब गरीब पालकों में निराशा है।

## दस साल से पीड़ित था मरीज, टीबी मानकर करवा चुका था इलाज

# खांसी में खून, लोबेक्टॉमी सर्जरी कर फेफड़े के संक्रमित हिस्से को काटकर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फेफड़े में कैविटी बनने से हो चुका था एस्परजिलोमा नामक फंगल संक्रमण

खांसी के साथ खून आने की समस्या से पीड़ित 25 साल के मरीज की लोबेक्टॉमी सर्जरी कर जान बचा ली गई। ऑपरेशन के दौरान फेफड़े के उस हिस्से को काटकर निकाला गया, जो कैविटी बनने के कारण एस्परजिलोमा नामक फंगल से संक्रमित हो चुका था। बीमारी को टीबी मानकर मरीज इलाज करवा चुका था, मगर उससे राहत नहीं मिली थी। अभनपुर इलाके में रहने वाले मरीज की समस्या पिछले एक माह से अधिक बढ़ गई थी और प्रत्येक बार में 50 से 70 एमएल तक खून निकल रहा था। डॉक्टरों के अनुसार यदि समय रहते ऑपरेशन नहीं किया जाता, तो अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मरीज की जान भी जा सकती थी। फेफड़े संबंधित परेशानी लेकर सीटीवीएस विभाग पहुंचे मरीज का सीटी स्कैन कराया, तो दाएं फेफड़े के निचले हिस्से में बड़ी कैविटी और उसमें एस्परजिलोमा नामक फंगल संक्रमण होने की पुष्टि हुई। मरीज की जान बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन आवश्यक था। इस सर्जिकल प्रक्रिया को मेडिकल भाषा में लोबेक्टॉमी कहा जाता है, जिसमें फेफड़े के संक्रमित हिस्से को काटकर निकाला जाता है। यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल एवं हाई-रिस्क सर्जरी की श्रेणी में आता है, क्योंकि ऑपरेशन के दौरान फेफड़ों की प्रमुख रक्त वाहिनियों- पल्मोनरी आर्टरी एवं पल्मोनरी वेन को क्षति पहुंचने का खतरा बना रहता है। परिजनों की सहमति के बाद आपातकालीन ऑपरेशन किया गया।

**इन्होंने दिया साथ**

इस जटिल सर्जरी को पूरा करने में सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू का साथ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. संकल्प दीवान, डॉ. बालस्वरूप साहू, रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. मोहिता मित्तल, ओटी टेक्निशियन भूपेन्द्र, नरेन्द्र, हरीश, निराकार, नर्सिंग स्टाफ राजेन्द्र, चोवा, दुष्यंत, मुनेश, नूतन, शीबा ने दिया।

### छाती एवं फेफड़ों की सर्जरी उन्नत तकनीक से

आंबेडकर अस्पताल हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि छाती एवं फेफड़ों के अधिकतर ऑपरेशन उन्नत तकनीक से किया जा रहा है। खांसी के साथ खून आने की स्थिति को मेडिकल भाषा में हीमोप्टाइसिस कहा जाता है। इसके प्रमुख कारणों में फेफड़ों की टीबी, फेफड़ों का कैंसर, पल्मोनरी एवी मालफॉर्मेशन, ब्रोंकाइटिस तथा अन्य गंभीर फेफड़ा संबंधी रोग शामिल हैं।

### मरीज को मिला नया जीवन

चिकित्सकों की टीम ने समन्वित प्रयास करते हुए समय पर सफल सर्जरी कर मरीज को नया जीवन दिया। भविष्य में भी हमारा संस्थान इसी प्रकार मरीजों को बेहतर, सुलभ एवं उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

*- डॉ. विवेक चौधरी, अधिष्ठाता, पंडित जेएनएम महाविद्यालय*

### कई मरीज लाभान्वित

अस्पताल प्रबंधन का निरंतर यह प्रयास रहा है कि आयुष्मान योजना के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को उच्चस्तरीय एवं निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाए और इस दिशा में हमें सफलता भी मिल रही है। वर्तमान में इस योजना से कई मरीज लाभान्वित भी हो रहे हैं।

*- डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

## पेज 09 के शेष ...

### 7 जून से थम जाएंगे 72 ट्रेनों...

झारसुगुड़ा तक नहीं सफर करने की सुविधा नहीं मिल सकेगी। परिवर्तित ट्रेनों के अलावा कुछ ट्रेनों को बीच में ही समाप्त किया जाएगा। इसमें 8 से 19 जून तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा अप-डाउन पैसेंजर ट्रेन झारसुगुड़ा से बिलासपुर और बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 8 से 19 जून तक 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से बिलासपुर के बीच, 7 से 18 जून तक 18518 विशाखापट्टनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस बिलासपुर से कोरबा के बीच, 8 से 19 जून तक 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम बिलासपुर से शुरु करते हुए कोरबा से बिलासपुर के बीच, 10 व 13 जून को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच, 12 व 15 जून को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंड़वाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द करने के बाद बिलासपुर स्टेशन से निजामुद्दीन के लिए रवाना की जाएगी। वहीं 11 से 15 जून तक 12109 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस निर्धारित समय से 3 घंटे, 11 से 15 जून तक 12809 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस 2 घंटे 30 मिनट, 12 से 16 जून तक 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस 2 घंटे, 12 से 16 जून तक 18249 व 18251 रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस दो घंटे, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

### 1.37 लाख आवेदन...

मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ को परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 15 दिवस पूर्व जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.psc.cg.gov.in** से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या एसएमएस नहीं भेजा जाएगा। ***कांस्टेबल एवं राइफलमैन परीक्षा 31 मई तक :*** कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कांस्टेबल एवं राइफलमैन परीक्षा 31 मई तक आयोजित की जाएगी। केंद्रीय सुरक्षा बल तथा असम राइफल्स यूनिट में इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए विधानसभा रोड स्थित प्रोफेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को केंद्र बनाया गया है। अतिरिक्त तहसीलदार सूर्यकांत कुम्भकार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### ओवर टाइम भुगतान घोटाला...

के रिकार्ड में मैन पावर उपलब्ध कराने का कार्य ए-टू-जेड इंफ्रा सर्विसेस लिमिटेड के नाम से था, लेकिन इसका संचालन, बिलिंग समन्वय एवं भुगतान व्यवस्था एन. उदय राव कर रहा था। बिलिंग समन्वय, कर्मचारियों की व्यवस्था एवं भुगतान संबंधी कार्य छत्तीसगढ़ डिस्टलरी की संबद्ध कंपनी एनकेजेए की ओर से एन. उदय राव द्वारा किया जाता था। ओवर टाइम, बोनस एवं चार अतिरिक्त दिवस कार्य की बिलिंग उदय राव के कहने पर की जाती थी। उक्त राशि से कमीशन भुगतान के संबंध में वह अरुणपति त्रिपाठी से समन्वय करता था तथा उक्त राशि अरुणपति त्रिपाठी के माध्यम से आगे अनवर ढेबर तक पहुंचती थी।

### कचना ब्रिज रेडी, पर नेता रेडी...

यहां रोज डेढ़ लाख से ज्यादा लोग और हजारों वाहन जाम में फंसते हैं। ब्रिज के प्रारंभ होने से जाम से मुक्ति मिलने के साथ ही पेट्रोल और डीजल की भी खपत कम होगी। 36 करोड़ की लागत से कचना फ्लाईओवर का काम अक्टूबर 2023 से चल रहा है। इसको मई में पूरा करना है। फ्लाईओवर का पूरा काम हो गया है। इसके डामरीकरण को लेकर एक पेंच फंसा था, लेकिन इसके बाद भी इसके डामरीकरण का काम भी बीते सप्ताह पूरा हो गया है। ताकि सर्विस रोड का काम किया जा सके, लेकिन नेताओं के इंतजार में ट्रायल के लिए ब्रिज को खोलने का मामला अटक गया है।

### रोज लगता है लंबा...

रहा है। ब्रिज न खुलने के कारण सर्विस रोड का काम भी अटका हुआ है। मजबूरी में अब सर्विस रोड को रात के समय 11 बजे से सुबह को 5 बजे तक पूरा करने का काम किया जा रहा है। इसी के साथ ब्रिज में बिजली का काम भी पूरा किया जा रहा है ताकि रात के समय भी ब्रिज में तलने में परेशान न हो। इस काम में थोड़ा समय लगेगा। लेकिन बिजली के बिना भी ब्रिज को ट्रायल के लिए दिन के समय खोला जा सकता है। इसकी तैयारी भी है, लेकिन मामला नेताओं के निरीक्षण पर आकर अटक गया है।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 14 मई 2026

### रायपुर बना आरसीबी का लकी स्टेडियम, लगातार दूसरी जीत के बाद फैंस ने कहा- हर साल बने होम ग्राउंड

# विराट के शतक से झूम उठा रायपुर

रायपुर। आरसीबी के होम ग्राउंड 'शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम' में बुधवार को 'चेज मास्टर' विराट कोहली का बल्ला जमकर गरजा। विराट ने अपनी शानदार शतकीय पारी से न केवल टीम को एक बड़ी जीत दिलाई, बल्कि स्टेडियम पहुंचे 50 हजार से अधिक फैंस को भी खुशियों का शानदार तोहफा दिया। आरसीबी ने इस रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से करारी शिकस्त देते हुए रायपुर में अपनी लगातार दूसरी बड़ी जीत दर्ज की। पिछले मैच की निराशा को पीछे छोड़ते हुए विराट ने इस बार अपने प्रशंसकों को बिल्कुल मायूस नहीं किया। उन्होंने क्रीज पर डटकर चौकों और छक्कों की ऐसी झड़ी लगाई कि स्टेडियम का उत्साह एक पल के लिए भी कम नहीं हुआ। 20 ओवर की इस लंबी पारी के दौरान फैंस ने विराट के हर एक शॉट को जमकर एन्जॉय किया। जब तक विराट क्रीज पर रहे, उनके हर शॉट पर दर्शक खुशी से चिल्ला उठते। जैसे ही 'किंग कोहली' ने अपना शानदार शतक पूरा किया, पूरा स्टेडियम 'विराट-विराट' के गगनभेदी शोर से गूंज उठा।

रिंकू सिंह ने खेली 49 रनों की आक्रामक पारी



प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए विराट कोहली

कनिका कपूर ने दी लाइव प्रस्तुति

विराट कोहली के लिए पोस्टर बनाकर पहुंचे फैंस

## 18 नंबर की जर्सी में रंगा स्टेडियम, बारिश में भी डटे रहे फैंस

विराट कोहली के लिए दीवानगी का आलम यह था कि मैच देखने पहुंचा लगभग हर दर्शक '18 नंबर' की जर्सी पहने हुए था, जिससे पूरा स्टेडियम एक 'लाल समंदर' में तब्दील नजर आ रहा था। मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए पिछले मैच की तरह ही केकेआर के खिलाफ भी फैंस के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। झमाझम बारिश के बावजूद प्रदेश के विभिन्न जिलों और शहरों से क्रिकेट प्रेमी भीगते हुए स्टेडियम पहुंचे और पूरे मैच के दौरान अपनी चहेती टीम और 'किंग कोहली' का जमकर उत्साहवर्धन किया।

## बारिश भी नहीं रोक पाई कदम 'लाल समंदर' में बदला स्टेडियम

'किंग कोहली' की एक झलक पाने और उन्हें मैदान पर खेलते देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों का जुनून इस कदर था कि झमाझम बारिश के बीच भी फैंस का स्टेडियम पहुंचने का सिलसिला नहीं थमा। बारिश के कारण मैच भले ही रात 8:30 बजे शुरू हुआ, लेकिन ज्यादातर दर्शक शाम 7 बजे से पहले ही स्टेडियम पहुंच चुके थे। पूरा स्टेडियम आरसीबी की 'लाल जर्सी' से पटा नजर आया, मानो स्टैंड्स में कोई 'लाल समंदर' उमड़ आया हो। हर किसी की जुबां पर केवल एक ही नाम था 'विराट-विराट'। बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के फैंस में क्रिकेट को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। रायपुर में फैंस की दीवानगी और जज्बा ऐसा था कि उन्होंने एक सुर में मांग करते हुए कहा कि, हर साल आईपीएल में आरसीबी का होम ग्राउंड रायपुर को ही बनाया जाना चाहिए।

## रघुवंशी और रिंकू के चौके-छक्कों पर आरसीबी फैंस भी झूमे

स्टेडियम में भले ही केकेआर का सपोर्ट करने वाले दर्शक कम थे, लेकिन जब युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और 'सिक्सर किंग' रिंकू सिंह ने मैदान पर चौके-छक्कों की बरसात शुरू की, तो आरसीबी के फैंस भी अपनी जगह पर खड़े होकर झूमने को मजबूर हो गए। इन दोनों ही धाकड़ बल्लेबाजों ने मैदान की चारों दिशाओं में हवाई फायर करते हुए गेंद को सीधा दर्शक दीर्घा तक पहुंचाया और क्रिकेट प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। इन दोनों की धुआंधार साझेदारी के चलते पूरे स्टेडियम में 'रिंकू-रिंकू' का शोर रहा।

## धर्म लाइव

# सियान गुड़ी में की गई अध्यात्म और सामयिक विषयों पर चर्चा

रायपुर। वरिष्ठजनों ने सियान गुड़ी में अध्यात्म और वर्तमान परिदृश्य को लेकर चर्चा हुई। इसमें भगवान राम, रावण, कृष्ण, महर्षि वाल्मिकी और वर्तमान विषयों पर बुजुर्गों ने खुलकर विचार रखे। वहीं, रोचक पहेलियों का जवाब बुजुर्गों ने उत्सुकता के साथ दिया। समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुदानित और महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित सियान गुड़ी के प्रभारी श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि परिचय के दौरान लखनलाल साहू ने बताया कि वे घर पर अकेले रहते हैं। वहीं, अन्य बुजुर्गों ने बताया कि वे परिवार के साथ रहते हैं, पर दोपहर में अकेले होने के कारण यहां आते हैं। खंगन ने बुजुर्गों से कहा कि यह सिर्फ पुरुषों के लिए नहीं, अपितु महिलाओं के लिए भी है। उन्होंने सभी से अपनी पत्नियों को भी लाने का आग्रह किया। आध्यात्मिक चर्चा में कैलाश अग्रवाल ने कहा कि रावण के आगे विद्वान जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है।

### बुजुर्गों ने गंभीर विषयों पर किया सार्थक संवाद

सियान गुड़ी आने वाले बुजुर्गों ने बताया कि वह अकेले रहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल किसी की बात नहीं सुनते। बच्चे ही क्या, कोई किसी का कहना मानता नहीं है। बच्चों ने किसी भी चीज की मांग की और वह नहीं पूरी हुई, तो वे मारपीट पर उतर आते हैं। मां-बाप के ऊपर हाथ उठाते हैं। हमें समाज को इस दिशा में जाने से रोकने का प्रयास करना होगा। केके पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री गो हत्या बंद करने को लेकर संसद में बिल क्यों नहीं लाते। दूसरे वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि भाषणों में कहना, वादा करना आसान होता है। परंतु, जब किसी पद पर हम बैठते हैं, तब योजना और कार्य को धरातल में उतारना उतना ही मुश्किल होता है।

# श्री केवट चरित्र कथा आज, आचार्य कौशिक जी महाराज सुनाएंगे प्रसंग

रायपुर। शहर एक बार फिर आध्यात्मिक रंग में रंगने जा रहा है। वृन्दावन धाम के गौभक्त और प्रख्यात कथावाचक आचार्य कौशिक जी महाराज का आगमन हो रहा है। इस विशेष प्रवास के दौरान श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को भक्ति और सेवा के संगम का रसास्वादन करने का अवसर देंगे। गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में 14 मई को एक विशेष धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जहां आचार्य के मुखारविंद से श्री केवट चरित्र कथा प्रसंग को सुनने का अवसर मिलेगा। यह कथा भक्ति, सेवा और समर्पण के अद्भुत आदर्शों पर केंद्रित होगी। इस भव्य आयोजन की जिम्मेदारी सुरभि जन जागरण सेवा समिति द्वारा संभाली जा रही है। आचार्य का छत्तीसगढ़ से बहुत पुराना व आत्मीय जुड़ाव रहा है।

# एशियाई मंच पर चमकी प्रदेश की बेटी सीएम ने की सराहना

रायपुर। युवा वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने सीनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। 53 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए ज्ञानेश्वरी ने सिल्वर और कांस्य पदक अपने नाम करते हुए देश और प्रदेश का मान बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। ज्ञानेश्वरी यादव ने प्रतियोगिता में स्नैच में 88 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 106 किलोग्राम वजन उठाते हुए 194 किलोग्राम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके इस दमदार प्रदर्शन ने खेल जगत में छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को नई पहचान दिलाई है। सीएम ने उनकी सफलता को प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है, वह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है।

## सिटी लाइव

# दर्द रहित दवा देने वाली स्मार्ट माइक्रोनीडल पैच तकनीक का किया आविष्कार

रायपुर। एनआईटी के युवा शोधकर्ताओं ने बायोमेडिकल तकनीक के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। संस्थान के शोधकर्ताओं को दर्द रहित और स्मार्ट तरीके से दवा पहुंचाने वाली दो आधुनिक माइक्रोनीडल पैच टेक्नोलॉजीज पर डिजाइन पेटेंट प्राप्त हुए हैं। यह उपलब्धि भविष्य की हेल्थकेयर तकनीक के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पहला पेटेंट पीवीए-बेस्ड माइक्रोनिडिल पैच के नाम से मिला है। इसे अनुराग अजगले और डॉ. चिन्मय महापात्रा ने विकसित किया है। यह पैच एक विशेष बायोडिग्रेडेबल और बायोकम्पैटिबल पॉलिमर से बनाया गया है, जो त्वचा के माध्यम से बिना दर्द के दवा पहुंचाने में सक्षम है। यह तकनीक दवा को धीरे-धीरे या जरूरत के अनुसार रिलीज कर सकती है, जिससे बार-बार इंजेक्शन लेने की आवश्यकता कम हो सकती है। इस प्रक्रिया में यह एक बेंडेज की तरह कार्य करेगी जो त्वचा से चिपकी रहेगी और धीरे-धीरे दवा को शरीर में पहुंचाने का कार्य करेगी।

### दवा को नियंत्रित तरीके से शरीर में पहुंचाने में सक्षम

इस तकनीक में हल्के इलेक्ट्रिक सिग्नल की मदद से दवा को नियंत्रित तरीके से शरीर में पहुंचाया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह तकनीक भविष्य में सुई रहित इलाज, वियरेबल हेल्थकेयर डिवाइसेस और पर्सनलाइज्ड मेडिसिन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि उनका उद्देश्य मरीजों के लिए इलाज को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और प्रभावी बनाना है। एनआईटी की यह उपलब्धि न केवल संस्थान, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है।

**सीबीएसई परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद प्रबंधन में खुशी की लहर, सभी ने विद्यार्थियों को दिया आशीष**

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम, कई विद्यालयों का रिजल्ट इस बार भी रहा 100%

रायपुर। केन्द्रीय माध्यामिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने सफलता की नई कहानी लिखने का सार्थक प्रयास किया है। 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की भरमार है। शहर के कई विद्यालय ऐसे भी हैं, जिनके यहां 5 से 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित किए हैं। कई विद्यालयों ने इस बार 100 प्रतिशत रिजल्ट देने की वकालत भी शुरू की है। इसके लिए सभी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना करते हुए आशीष दिया।

### इन विद्यार्थियों ने लहराया परचम, बढ़ाया मान

किसी संस्थान की सफलता में उसके परिश्रम, सही मार्गदर्शन और उच्च आदर्शों का प्रतिफल होता है। ऊंचे लक्ष्यों का निर्धारण करना, उन लक्ष्यों को हासिल करना और प्राप्त सफलता को कायम रखना ही एक सफल संस्थान की पहचान होती है। इसमें ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी हमेशा खरा उतरा है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने सफलता की नई कहानी लिख दी है। इस वर्ष विद्यालय के 176 छात्र-छात्राएं कक्षा 12वीं के परीक्षा में शामिल हुए। इनमें आदित्य कुमार अग्रवाल ने जहां 95 प्रतिशत, वहीं हंशिका प्रसाद ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या और शिक्षकवृंद ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके सुखद और गरिमामय भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन से मिली सफलता

रायपुर के होलीक्रॉस पेंशनबाड़ा की स्टूडेंट शौर्या शर्मा ने कॉमर्स स्ट्रीम में 97.4% अंक हासिल करते हुए सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का अनुशासन और मार्गदर्शन, परिवार का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन ही नहीं, शिक्षकों की मेहनत और समर्पित मार्गदर्शन भी अहम रहा है। सभी के संयुक्त प्रयासों से ही शौर्या ने उपलब्धि हासिल की। इससे पहले भी शौर्या ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया था। ग्रेजुएशन के बाद वह एमबीए की तैयारी करना चाहती हैं।

### पैरेंट्स का सपोर्ट बना सफलता का आधार

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं की परीक्षा में शरदा विद्या मंदिर की छात्रा हर्षिका ने कॉमर्स संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। हर्षिका ने 600 में से 564 अंक अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। बचपन से ही मेधावी एवं अनुशासित छात्रा रहीं हर्षिका अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता ऋचा दांडेकर, जो कि चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, को देती हैं। साथ ही उन्होंने अपने नाना सुधीर दांडेकर (सेवानिवृत्त अतिरिक्त कलेक्टर छत्तीसगढ़) के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा को भी अपनी उपलब्धि का महत्वपूर्ण आधार बताया। हर्षिका की इस उल्लेखनीय सफलता पर परिवारजनों, शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### छात्र-छात्रों ने रिजल्ट से बढ़ाया संस्थान का गौरव

ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ 100% रिजल्ट के साथ शानदार नतीजा दर्ज किया है। स्कूल के टॉप परफॉर्मर्स की सूची में सबसे आगे आशीष अग्रवाल रहे, जिन्होंने 97% के असाधारण अंक हासिल किए। वहीं, प्रथम अग्रवाल ने 93% और निशु अग्रवाल अंक प्राप्त किया है। इनके अलावा अंशुल सिंघल और आशुतोष जैन ने 91% अंकों के साथ शामिल हैं। स्कूल प्रशासन की प्रमुख, डॉ. गरिमा अग्रवाल ने सभी सफल छात्रों को उनकी लगन और दृढ़ संकल्प के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने अकादमिक और प्रशासनिक टीमों के बीच बेहतरीन तालमेल और अभिभावकों के सहयोग की सराहना की, जिसने इस शानदार परिणाम को संभव बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### अब कॉलेज के साथ सिविल सेवा की करूंगी तैयारी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं की परीक्षा में डीपीएस रायपुर की छात्रा तितिक्षा देशमुख ने ह्यमिनिटी संकाय में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाया है। तितिक्षा ने बताया कि वह नर्सरी से ही डीपीएस में पढ़ाई कर रही हैं। नर्सरी से ही उनका बेसिक मजबूत रहा है। यही वजह है कि 12वीं की परीक्षा में यह उपलब्धि प्राप्त कर सकी हूं। मैं शुरू से मानती हूं कि 10 घंटे पढ़ने के बजाय जितना समय भी पढ़ाई करो मन लगाकर और लिखकर पढ़ो। लिखकर विषयों को याद करने का फायदा यह होता है कि उन टॉपिक्स को फिर रिविजन की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने बताया कि उनका सपना सिविल सेवा में जाना है। इसकी तैयारी ग्रेजुएशन के साथ वह दिल्ली या मुंबई जैसे शहर में करेंगी।

# जैन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में गाजे बाजे के साथ निकली तीर्थंकरों की भव्य शोभायात्रा

रायपुर। लालपुर स्थित नवकार नगर इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर है। जैन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विविध धार्मिक आयोजनों में देश भर से पहुंचे श्रद्धालुओं और संघों की उपस्थिति से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। बुधवार को निकली भव्य शोभायात्रा और वरघोड़ा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिसमें जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की आकर्षक पालकियां गाजे-बाजे, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और जयकारों के बीच निकाली गईं। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, जबकि नवकार नगर रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से जगमगा उठा। यह महोत्सव धर्मनिष्ठ स्वर्गीय वीरचंदजी डागा एवं सरोजदेवी डागा परिवार के सौजन्य से निर्मित श्वेत पाषाण के श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय एवं श्री मणिधारी जिनचंद्रसूरि दादावाड़ी की अंजनशलाका प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन स्थल

पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, मंत्रोच्चार, पूजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हो रहा है। महोत्सव के अंतर्गत ज्येष्ठ कृष्णा 11 के अवसर पर दीक्षा कल्याणक वरघोड़ा, अंजनशलाका विधान एवं महापूजन का आयोजन श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रातःकाल देव-देवी पूजन एवं चैत्य अभिषेक के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इसके बाद भव्य दीक्षा कल्याणक रथयात्रा निकाली गई, जिसमें कुल महत्तरा, माता-पिता के हृदयस्पर्शी उद्बोधन, दीक्षा स्नान, पंच मुष्टि लोच एवं दीक्षा विधि जैसे धार्मिक प्रसंगों का मंचन किया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार दीक्षा कल्याणक वह पावन प्रसंग है, जब तीर्थंकर परमात्मा सांसारिक वैभव और मोह-माया का त्याग कर संयम मार्ग को स्वीकार करते हैं। अंजनशलाका विधान के माध्यम से प्रतिमाओं में आध्यात्मिक चेतना का आह्वान किया गया, जबकि महापूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### धार्मिक प्रसंगों की मनोहारी प्रस्तुतियां

कार्यक्रम के दौरान इन्द्राणी महोत्सव, इन्द्र सिंहासन कंपन, 64 इन्द्रों द्वारा मेरुपर्वत पर अभिषेक, नामकरण एवं राज्याभिषेक जैसे धार्मिक प्रसंगों की भी मनोहारी प्रस्तुतियां दी गईं। शाम को अंजन घोटना, अंजन वोहराना, रेशमी वस्त्र वोहराना और आरती के बाद भक्ति भावना का आयोजन हुआ। देर रात तक केवलज्ञान कल्याणक, प्रथम दर्शन, प्रथम देशना और निर्वाण कल्याणक के 108 अभिषेक जैसे धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। आयोजन के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए राजगृही मंडप में मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार अनीश राठौर एवं उनकी टीम द्वारा पंचकल्याणक प्रसंगों की जीवंत प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठाचार्य मनोज बाबूलाल हरण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न करा रहे हैं।

### महोत्सव का मुख्य आयोजन आज

जैन समाज के लिए यह महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक एकता और संस्कारों के महापर्व के रूप में देखा जा रहा है। 14 मई को प्रतिष्ठा महोत्सव का मुख्य आयोजन संपन्न होगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।

# राहगीरों की प्यास बुझाने अब युवाओं ने शुरू किया प्याऊ

रायपुर। भीषण गर्मी में राहगीरों, मजदूरों और रिक्शा चालकों सहित जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए 'कुछ फर्ज हमारा भी' संस्था द्वारा भगत सिंह चौक, शंकर नगर के पास प्याऊ शुरू किया गया। बुधवार को युवाओं की पहल पर शुरू किए गए प्याऊ घर सेवा केंद्र का संचालन निरंतर जून तक किया जाएगा। प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहां ठंडा एवं स्वच्छ जल का लाभ लेकर गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। राहगीरों की सुविधा के लिए युवाओं ने अलग-अलग टीम बनाकर सेवा भावना से प्याऊ घर का संचालन शुरू किया है। यह सेवा प्रतिदिन

सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निस्वार्थ भावना के साथ संचालित किया जा रहा है। इसमें महिलाओं और पुरुषों की टीम ने जिम्मेदारी तय की है।

### प्यास बुझाने के साथ दे रहे रोजगार का अवसर

*संस्था ने संचालित किए जा रहे प्याऊ घर में पर्याप्त पानी की सुविधा देने के लिए पर्याप्त इंतजाम किया है। इस बार जल सेवा के लिए एक जरूरतमंद साथी को रोजगार से जोड़ने के लिए पहल की है। इससे उसके परिवार की आजीविका का सहारा बनने का छोटा सा प्रयास भी किया गया है। 'कुछ फर्ज हमारा भी' संस्था का उद्देश्य केवल प्यास बुझाना नहीं, बल्कि सेवा के साथ सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देना है। साथ ही प्रत्येक प्याऊ घर में एक जरूरतमंद व्यक्ति को रोजगार देकर मानवता और सहयोग की एक नई मिसाल प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है। इस सेवा का निरंतर संचालन करने के लिए युवाओं की टीम द्वारा देखभाल की जा रही है।*

**नयापारा स्थित 157 साल पुराने आस्था केन्द्र में 8 मई से मंत्रोच्चार के साथ शुरू किया गया धार्मिक अनुष्ठान**

# श्री बांके बिहारी मंदिर में पूजा उत्सव, आज प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, धूमधाम से निकलेगी रथयात्रा

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। शहर के हृदय स्थल नयापारा स्थित लगभग 157 वर्ष पुराने श्री बांके बिहारी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मंदिर में विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 14 मई को भव्य रूप से किया जाएगा। वहीं, सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत 8 मई से की गई है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल एवं महामंत्री सुरेश चौधरी के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक मंदिर में 8 मई से पूजा उत्सव का सिलसिला शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1870 में बैजू अग्रवाल द्वारा मंदिर का निर्माण करवाया गया था। वर्षों से यह मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और श्रद्धा का केंद्र रहा है। समय के प्रभाव से मंदिर जीर्ण अवस्था में पहुंच गया था। इसके बाद मंदिर ट्रस्ट एवं समाजजनों के सहयोग से इसका पुनर्निर्माण राजस्थानी वास्तुकला शैली में करवाया गया है।

### सफेद संगमरमर से निर्मित हैं सभी मूर्तियां

भगवान श्री बांके बिहारी एवं राधा के साथ ही भगवान शिव -पार्वती एवं ज्योतिर्लिंग, अष्टभुजा मां दुर्गा, हनुमान जी, माता महालक्ष्मी एवं भगवान श्री अग्रसेन के विग्रह को स्थापित किया जाएगा। भगवान श्री बांके बिहारी की लगभग 5 फीट ऊंची प्रतिमा व अन्य देवी-देवताओं की 3-3 फीट ऊंची प्रतिमाएं मकराना के सफेद संगमरमर से निर्मित होने के बाद जयपुर से मंदिर लाई गई हैं। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष अजय खेतान ने बताया कि संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रख्यात कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य आचार्य ओमप्रकाश जोशी के सानिध्य में जारी है। इसमें 11 पंडितों के द्वारा विभिन्न वैदिक मंत्रों सहित स्रोतों का पाठ किया जा रहा है।

### सुबह से शाम तक रहेगा भक्तिमय माहौल

कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल एवं निर्माण समिति के सचिव नंदकिशोर अग्रवाल ने बताया कि मंदिर के प्रथम तल पर स्थित 'अर्णव हाल' का नामकरण स्वर्गीय अर्णव अग्रवाल की पुण्य स्मृति में परिजनों द्वारा किया गया है। वहीं, वरिष्ठ लोगों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक लिफ्ट का निर्माण एएसआर एलीवेटर गुड़गांव द्वारा किया जा रहा है। प्रचार प्रमुख संजय अग्रवाल एवं संजीव अग्रवाल ने बताया कि इस ऐतिहासिक मंदिर से स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियां जुड़ी हैं। स्वतंत्रता सेनानियों सहित प्रतिष्ठित व्यक्ति यहां दर्शन करने आते हैं। गुरुवार को सुबह 8 बजे रथयात्रा निकाली जाएगी। 11 बजे से प्राण प्रतिष्ठा और 11.30 बजे मूर्ति स्थापना के बाद दोपहर 1.30 बजे से भंडारा शुरू होगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर की 7 विकेट से जीत

**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित यूथ कप (द्वितीय वर्ष) के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न टीमों के बीच शानदार मैच हुए। टीम क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी भिलाई विरुद्ध इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर में परिणाम इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर ने 7 विकेट से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच धनंजय बैरागी को लक्ष्मी साहू के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी 70 रन पर आउट हो गई। अक्षत डोंगरे एवं विपुल निषाद ने 12-12 रन बनाए। गेंदबाजी में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर के धनंजय बैरागी ने तीन विकेट, श्रेयांश शर्मा एवं ओजस डोडवानी ने दो दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी ने तीन विकेट पर 72 रन, लोकेश सिद्धार्थ ने नॉट आउट 27 रन और कप्तान यश शादीजा ने नॉट आउट 15 रन बनाए। गेंदबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के लकी देशमुख और प्रियांशी यदु ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट रहा। मैच के अंपायर नुगेश्वर डहरिया एवं आलोक जांगिड़ तथा स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी में ईस्ट और वेस्ट जोन विजेता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-23 एवं सीनियर महिला टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अन्तर्गत बुधवार को शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन में ईस्ट जोन ने 10 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 9 विकेट पर 92 रन, सेजल वर्मा ने 26 रन एवं कल्पना पांडे ने 25 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन से प्रांशु प्रिया एवं शिवानी यादव ने दो-दो विकेट दिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 96 रन बिना कोई विकेट खोए बनाए। कप्तान नेहा बड़वाईक ने नॉट आउट 66 रन और रूमा दास ने नॉट आउट 24 रन बनाए।

कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम वेस्ट जोन ने छह विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 4 विकेट पर 128 रन, शिल्पा साहू ने नॉट आउट 45 रन, मोनिका श्रीवास ने नॉट आउट 45 रन, गेंदबाजी में वेस्ट जोन की उर्मिला हरिना, अनम खान एवं राधिका नेताम ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट रहा। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 4 विकेट पर 129 रन, निधि सूर्यवंशी ने 46 रन, कुमुद साहू ने 31 रन, सोनाली यादव ने 18 रन, कामना यादव ने नॉट आउट 15 रन और श्वेता देवांगन ने नॉट आउट 11 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन से दीप्ति ढीमर ने दो एवं श्रीलता ने एक विकेट लिया।

### अंडर-16 एलिट ग्रुप के मुकाबले जारी है विभिन्न शहरों में

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत चौथे राउंड के तीसरे दिन बुधवार को विभिन्न शहरों में शानदार मैच हुए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम बिलासपुर विरुद्ध राजनांदगांव में परिणाम बिलासपुर ने 7 विकेट से जीत हासिल कर 6 अंक प्राप्त किए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध कवर्धा में परिणाम प्लेट कंबाइंड ने 10 विकेट से जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में हुए मैच में टीम बीएसपी विरुद्ध कोरबा में बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम पहली पारी में 303 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरबा पहली पारी में 129 रन पर आउट हो गई। फॉलोआन खेलते हुए कवर्धा की दूसरी पारी का स्कोर 8 विकेट पर 149 रन रहा। धमतरी में टीम दुर्ग विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी में 171 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन पहली पारी 302 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 267 रन बनाए।

#### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए जरूरी सुझाव

# चिलचिलाती धूप का सीधा असर पड़ता है बच्चों की सेहत पर, सावधानी बरतना ही आज सबसे बड़ी समझदारी

अस्पतालों में रोजाना गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं के साथ कई बच्चे आ रहे हैं, इसलिए सभी माता-पिता को इन दिनों अतिरिक्त सावधान बरतनी चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए स्कूलों के लिए कुछ सुझाव दिए हैं।

देश के अधिकतर राज्य इन दिनों बढ़ती गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इस तरह की बढ़ती गर्मी का सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। 40 से अधिक के तापमान के कारण हीटस्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है, जो पूरे शरीर के कार्यों को प्रभावित करने वाली हो सकती है।

वैसे तो इस भीषण गर्मी से बचाव करते रहना सभी के लिए आवश्यक है पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चे और बुजुर्गो की सेहत पर लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। चूंकि बच्चे स्कूल जाते हैं, बाहर खेलते हैं इस वजह से उनमें हीट स्ट्रोक का जोखिम अधिक हो सकता है।

सभी माता-पिता ये सुनिश्चित करें कि बच्चे धूप के सीधे संपर्क में कम से कम आएं और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए उपाय करते रहें।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने तेज गर्मी में बच्चों की सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सुझाव दिए हैं

जिसके बारे में माता-पिता को जानना और इसका पालन करते रहना जरूरी है।

### बढ़ती गर्मी का बच्चों की सेहत पर असर

बढ़ा हुआ तापमान बच्चों की सेहत पर गंभीर असर डाल सकता है। बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) वयस्कों की तुलना में कमजोर होती है, जिससे वे हीटवेव, डिहाइड्रेशन और अन्य गर्मी से जुड़ी बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट्स के अनुसार, हीट स्ट्रोक बच्चों में जानलेवा हो सकता है, खासकर 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में इसके कारण गंभीर जोखिमों को डर रहता है।

अस्पतालों में रोजाना गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं के साथ कई बच्चे आ रहे हैं, इसलिए सभी माता-पिता को इन दिनों अतिरिक्त सावधान बरतनी चाहिए।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिए जरूरी सलाह

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए स्कूलों के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करें। साफ और सुरक्षित पानी के लिए वाटर कूलरों की नियमित रूप से सफाई करें और निगरानी करें। छात्र और शिक्षकों के नियमित स्वच्छता संबंधी आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त जल भंडारण सुनिश्चित करें। कक्षाओं को प्राकृतिक या कृत्रिम तरीके, जैसे पंखे, कूलर आदि से अच्छी तरह हवादार रखें। विशेष रूप से लू की चेतावनी के दौरान, अत्यधिक धूप के दौरान (12-3 बजे) किसी भी बाहरी गतिविधियों से बचें।

बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शरीर को

ठंडा रखने के महत्व के बारे में बतायें। एक खास अंतराल पर घंटी बजाकर बच्चों को पानी पीने के बारे में याद दिलाएं।बच्चों को गर्मी/लू से संबंधित संकेत एंव लक्षणों को पहचाने के बारे में और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बतायें। बच्चों को उनके मूत्र के रंग से शरीर में पानी की कमी के लक्षणों की पहचान करने के लिए शिक्षित करें।

तापमान बढ़ने से बच्चों को होने वाली मुख्य समस्याएं

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अधिक तापमान में रहने वाले बच्चों को हीट स्ट्रोक हो सकता है। इसमें शरीर का तापमान 40 डिग्री से अधिक हो जाता है। इसके अलावा चक्कर-उल्टी आने, सांसे और धड़कन बढ़ने, बेहोशी जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

गर्मी के दिनों में बच्चों में डिहाइड्रेशन का भी खतरा रहता है। इसके कारण अत्यधिक प्यास लगने, पेशाब कम लगने, होंठ-जीभ सूखने, सुस्ती या चिड़चिड़ापन जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं। इससे बचे रहने के लिए दिनभर में बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाते रहें।



# जरूरत से ज्यादा सोचने से हैं परेशान तो दिनचर्या में शामिल करें कुछ आदतें

आज के समय में ओवरथिंकिंग की समस्या से बहुत से लोग परेशान हैं। इसलिए आइए इस लेख में कुछ ऐसी आदतों के बारे में जानते हैं जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में शामिल करके ओवरथिंकिंग को दूर कर सकते हैं।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अधिकतर लोग ओवरथिंकिंग यानी जरूरत से ज्यादा सोचने की समस्या से परेशान हैं। बार-बार एक ही बात को सोचना, भविष्य की चिंता करना या पुरानी घटनाओं को याद करके परेशान होना आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इतना ही नहीं ये आदत आपके प्रोडक्टिविटी को भी नुकसान पहुंचाता है। इससे तनाव, चिंता और नींद की कमी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, ओवरथिंकिंग को कंट्रोल करने के लिए दिनचर्या में कुछ साधारण आदतों को शामिल कर सकते हैं। ये आदतें आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकती हैं। आईए, कुछ प्रमुख आदतों के बारे में जानते हैं जो आप अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।

### जर्नलिंग करें

जब दिमाग में ढेर सारे विचार एक साथ आते हैं, तो उन्हें कागज पर लिखना शुरू करें, ये एक प्रभावी प्रयोग है, जो आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। अपने विचारों, चिंताओं या डर को डायरी में लिखने से मन हल्का होता है और विचारों को व्यवस्थित करने में मदद मिलती है। यह प्रक्रिया न केवल ओवरथिंकिंग को कम करती है, बल्कि समस्याओं का समाधान ढूंढने में भी सहायक है।

**कैसे करें:** रोजाना 10-15 मिनट निकालकर अपनी भावनाओं और विचारों को बिना जज किए लिखें। इससे मन शांत होगा और ओवरथिंकिंग कम होगी।

### वर्तमान में जीने की आदत डालें

ओवरथिंकिंग का मुख्य कारण भविष्य की चिंता या अतीत को बार-बार याद करना है। वर्तमान में रहने की आदत इस समस्या को कम कर सकती है। वर्तमान में ध्यान केंद्रित करने से दिमाग शांत रहता है और अनावश्यक विचारों का बोझ कम होता है।

**कैसे करें:** रोजाना 5-10 मिनट मेडिटेशन करें। खाना खाते समय उसका स्वाद महसूस करें या जो भी काम कर रहे हैं उसके बारे में सोचें और आनंद लें।

# आपके घर में भी तो नहीं आ रही है नकली चीनी, इन तरीकों से करें इसकी पहचान

आप सभी के घर की रसोई में चीनी का डिब्बा जरूर होगा। जिसका इस्तेमाल हम सुबह शाम, चाय,कॉफी हलवा आदि बनाने के लिए करते ही हैं। ऐसे में आपको सुनकर हैरानी होगी हमारी डिशेज में मिठास घोलने वाली यह सफेद रंग की चमकदार चीनी भी नकली बिक रही है। कहीं आपके घर में तो नकली चीनी का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अब आप कहेंगे कि हमें कैसे पता लगेगा। आज आपको कुछ तरीके बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप नकली और असली चीनी का पता लगा सकती हैं।

### हथेली पर रगड़कर लगाएं पता

आप यदि अपने घर में यूज होने वाली चीनी के असली और नकली होने का पता लगाना कहती हैं, तो आपको उसके लिए चीनी को हथेली पर लेकर रगड़ना है। अगर चीनी क्रिस्टल और चमकदार दिखने के साथ पाउडर नहीं बने तो वो चीनी असली है। जबकि नकली चीनी हाथ में रगड़ने पर पाउडर जैसे बन जाएगी और हल्की चिपचिपाहट छोडने लगेगी।

### पानी में डालकर करें टेस्ट

इसके अलावा आप चीनी को पानी में डालकर भी असली और नकली में फर्क कर सकती हैं। इसके लिए आपको एक गिलास में पानी लेना है और आधा चम्मच चीनी मिला देनी है। अगर चीनी पूरी तरह घुल जाती है और उसमें से अमोनिया की स्मेल नहीं आ रही है तो आपको चीनी एकदम प्योर है। नकली चीनी में हल्के ब्राउन रंग के कण रह जाते हैं। और पानी में से अमोनिया की बदबू आने लगती है।

### गर्म करके करें पहचान

असली और नकली चीनी का पता करने के लिए आप एक बर्तन में धीमी आंच पर चीनी डालकर गर्म करें। अगर चीनी कैरेमल की तरह पिघलकर ब्राउन हो जाए और उसमें से खुशबू आने लगे तो चीनी असली है। जबकि नकली चीनी बर्तन में डालते ही जलने लगेगी और उसमें से अजीब सी दुर्गंध आने लगती है।

अगर आप भी अपने घर में इस्तेमाल होने वाली चीनी के असली और नकली होने का पता करना चाहती है, तो ऊपर बताए गए इन तरीकों को एक बार जरूर आजमा कर देखें।



# भारी उमस से निष्क्रिय हुए कूलर-एसी, शाम बारिश से मिली राहत, दो दिन रहेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बनने वाले विभिन्न तरह के सिस्टम ने प्रदेश के मौसम को बदलकर रख दिया है। पिछले चौबीस घंटे उमस ने ऐसा असर दिखाया कि कूलर-एसी ने भी काम करना बंद कर दिया था। बुधवार को दिनभर की बेचैनी के बाद शाम हुई बारिश ने राहत दिलाई। बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनने की वजह से अगले दो दिन बारिश की गतिविधि बने रहने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह

**ग्रीष्मलहर नहीं, अभी सताएगी चिपचिपाहट भरी गर्मी**



से मौसम तंत्रिकाएं सक्रिय हो रहीं, उससे अभी ग्रीष्मलहर जैसे हालात बनने की संभावना है। तापमान में बढ़ोतरी होगी, मगर इसके चरम पर पहुंचने की संभावना कम है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने सिस्टम के कल तक प्रबल होने की संभावना है। यह चक्रवाती घेरा गर्म हवा को अपनी ओर खींचेगा। इससे वातावरण में मौजूद नमी अपना असर दिखाएगी और तेज गर्मी के बजाए चिपचिपाहट अपना ज्यादा प्रभाव दिखाएगी। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर के अधिकतम तापमान में बदलाव नहीं हुआ और पारा 41 डिग्री पर टिका रहा। वहीं राज्य का अधिकतम पारा दुर्ग का 42.5 रहा। बुधवार को दिन में उमस की वजह से गर्मी बेचैन करती रही। शाम होने के बाद बादल छाए जो कुछ देर तक मोटी-मोटी बूंदों के साथ बरसकर शांत हो गए। आने वाले दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून की गतिविधि बनने की संभावना है, इसकी वजह से रिकार्ड तोड़ गर्मी की संभावना अब कम ही दिखाई पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### राधाकृष्ण मंदिर के पास स्ट्रीट पोल से झूल रहे तार, करंट का अंदेशा

रायपुर। नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित शहीद राजीव पांडे वार्ड के संजय नगर इलाके में स्थित राधाकृष्ण मंदिर से लगे स्ट्रीट पोल के दोनों तरफ बिजली के तार हवा में झूल रहे हैं। इससे करंट लगने का अंदेशा है। स्ट्रीट पोल नीचे के हिस्से से दोनों ओर पूरी तरह सड़ने के बाद भी इसे विद्युत विभाग बदल नहीं रहा है। क्षेत्र के रहवासियों ने इसकी शिकायत विभागीय अधिकारी से की है। लोगों का कहना है, मुख्य मार्ग होने और धार्मिक स्थल की वजह से लोगों की आवाजाही बनी रहती है, पर खतरनाक स्थिति में खड़े बिजली पोल को बदला नहीं जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है। इसी तरह छत्तीसगढ़ नगर और संजय नगर के रहवासी इलाके में हाईटेंशन लाइन लोगों के घरों की छत से होकर गुजरी है, इससे अनहोनी होने का अंदेशा बना हुआ है।

### दो अलग प्रकरण में तीन गांजा तस्करों को सजा

रायपुर। तेलीबांधा तथा अभनपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग मामलों में गांजा बेचते गिरफ्तार एक महिला सहित तीन लोगों को विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट ने पांच के साथ एक वर्ष कैद तथा 50 तथा 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार तेलीबांधा थाना क्षेत्र में गांजा बेचने के आरोप में कोर्ट ने संजय मराठा को पांच वर्ष कैद के साथ 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अभनपुर में सवा दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार दुर्गेश कुमार डहरे तथा ममता कौर को एक-एक वर्ष कैद के साथ 25-25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने वर्ष 2024 में गांजा जब्ती की थी।

**अरमान नाला, जब्बार नाला, छहमुंहा नाला सहित बड़े नाले जाम**

**प्लास्टिक कूड़ा, गद्दे, थर्मोकोल, मलबा, प्लाइवुड की शीट से पटे पड़े बड़े नाले**

### मई का दूसरा पखवाड़ा करीब, अब तक पहले राउंड की सफाई अधूरी

# नाला सफाई में सुस्ती, 12 वार्डों में जलभराव का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के बड़े नालों की सफाई को लेकर नगर निगम प्रशासन लापरवाह है। मई का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने को है, पर अभी तक बड़े नालों की केवल एक राउंड की सफाई भी पूरी नहीं हो पाई, जबकि बारिश से पहले तीन राउंड की सफाई होनी है। नालों में भारी मात्रा में गंदगी, थर्मोकोल, प्लास्टिक कचरा, कांच की बोतल, गद्दा सहित अन्य अपशिष्ट जमा है। इसके चलते गंदे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। यदि समय रहते नालो की गहरी सफाई नहीं हुई, तो रहवासी इलाकों में बारिश का गंदा पानी नाले की गंदगी के साथ जलभराव का कारण बनेगा। शहरभर में 250 बड़े नालों की सफाई नगर निगम को करानी है।

हरिभूमि सरोकार

दरअसल, दो दिन पहले ही रमन मंदिर वार्ड के छहमुंहा नाला की सफाई नहीं होने से चूनाभट्ठी, पाठक गली और फाफाडीह अंडरब्रिज में नाले का गंदा पानी भरने से खूब हल्ला मचा। विपक्षी दल कांग्रेस ने जिला कलेक्टर से लेकर जोन कमिश्नर तक शिकायत की, क्षेत्र के विधायक को भी स्पॉट पर आना पड़ा, तब जाकर मंगलवार को जब नाले की सफाई शुरू हुई, इससे छहमुंहा नाले का एक मुंह खुला और पानी का लेवल कम हुआ, तब जाकर नागरिकों को राहत मिली। शहर में करीब 250 बड़े नाले अलग-अलग जोन क्षेत्र में हैं। यदि नाला सफाई में चूके तो शहर के 12 वार्डों के रहवासी इलाकों में नालों का जलभराव होते देर नहीं लगेगी। विदित हो, मार्च- अप्रैल में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोनवार बड़े नालों की सफाई मेनुअल और पोकलेन मशीन लगाकर कराए जाने का सिस्टम बना हुआ है, ताकि गंदे पानी की निकासी सुगम हो, लेकिन इस बार नाला सफाई का काम अप्रैल में शुरू न होकर मई में शुरू हुआ है। यही वजह है कि ज्यादातर नालों की सफाई का पहला राउंड ही मुश्किल से पूरा हो पाया है।

### शहर के प्रमुख बड़े नाले

अरमान नाला, छहमुंहा नाला, सड्डू क्षेत्र का जब्बार नाला, इंद्रावती नाला, सिविल लाइन नाला, मार्बल लाइन का बड़ा नाला, समता कालोनी क्षेत्र मंगलम नाला, सोकरा नाला, चिंगरी नाला सहित अन्य बड़े नाले।

**जलभराव वाले क्षेत्र इस तरहः** वामनराव लाखे वार्ड में प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1, सेक्टर 15,16, 17, शीतला कालोनी गली नंबर 1,2,3, बंजारी नगर, महामाया मंदिर वार्ड में परशुराम नगर, सुमेरू मठ के पीछे वाला एरिया।

**स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड** - सत्ती बाजार गद्दा लाइन, गणेशमंदिर बूढ़ापारा के पास पतंग गली। मौलाना **अब्दुल रउफ वार्ड** - लालगंगा कांप्लेक्स बीएसएन आफिस के पास, सिविल लाइन वार्ड में शास्त्री चौक रेरा आफिस के पास।

**पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड** - अरमान नाला का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर राजातालाब के नूरानी चौक गली नंबर 1,2,3, नई बस्ती, रविनगर क्षेत्र में जल भराव का कारण बनती है। जोन 3 की तरफ अरमान नाला की चौड़ाई कम होने के कारण ज्यादा बारिश में यहां जलभराव होता है। इसके अलावा गांधीनगर, शंकर नगर के कुछ क्षेत्र इससे प्रभावित होता है।

**छहमुंहा नाला** - चूनाभट्ठी एरिया, दुर्गानगर, स्कूल पारा बस्ती, वाल्मिकी नगर, जागृतिनगर।

### 45 दिन के लिए नाला गैंग, 250 सफाई मजदूरों का अतिरिक्त स्टाफ

निगम मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग ने शहर के नालों की सफाई के लिए 250 सफाई मजदूरों का अतिरिक्त स्टाफ ठेके पर रखा है। इसमें प्रत्येक जोन में 25 सफाई कर्मचारी नाला गैंग के लिए दिए गए हैं। यानी 10 जोन में 250 सफाई कर्मचारी अनुबंधित ठेकेदार के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं। जोन गैंग की मानिटरिंग प्रापर नहीं होने से नाला सफाई का काम सुस्त चल रहा है। यदि यही हाल रहा, तो बारिश के समय नालों का गंदा पानी 12 वार्डों के रहवासी इलाके में जलभराव का का कारण बनते देर नहीं लगेगी। सूत्रों के मुताबिक जिन वार्डों के रहवासी इलाकों में जलभराव का अंदेशा बना है, उनमें वामनराव लाखे वार्ड, महामाया मंदिर वार्ड, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड, रमण मंदिर वार्ड, रविशंकर शुक्ल वार्ड, स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड, वीरांगना अवंतिबाई वार्ड, भगवतीचरण शुक्ल वार्ड, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, ठक्कर बापा वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड शामिल हैं।

## निगम आयुक्त से नए श्रम कानूनों के क्रियान्वयन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने अध्यक्ष संजय ऐडे के नेतृत्व में नगर निगम के नव पदस्थ आयुक्त संबित मिश्रा से बुधवार को सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय निकाय के प्लेसेंट कर्मचारियों को 18 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, जॉब सुरक्षा और 4 नए श्रम कानूनों के शीघ्र कियान्वयन की मांग की है।

संघ ने निगम आयुक्त को अवगत कराया कि नगर निगम रायपुर में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी विगत 15से 20 वर्षों से निरंतर स्वच्छता, पेयजल, जन्म-मृत्यु पंजीयन, कार्यालयीन कार्य, स्वास्थ्य, राजस्व, निर्माण एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। निगम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में इन कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है, पर वर्तमान में अधिकतर कर्मचारियों को बहुत कम वेतन में कार्य करना पड़ रहा है, जिससे परिवार का पालन-पोषण एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना कठिन हो गया है।

### प्रमुख मांग

0 प्लेसमेंट कर्मचारियों हेतु न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपए प्रतिमाह तत्काल लागू किया जाए।
0 सभी कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा प्रदान की जाए एवं ठेका बदलने पर कर्मचारियों को न हटाया जाए।
0 कर्मचारियों को नगर निगम से सीधे वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए।
0 सभी कर्मचारियों का नियमित **EPF** एवं **ESIC** लागू किया जाए।
0 श्रम कानूनों के अनुसार अवकाश, ओवरटाईम और कार्यस्थल पर सुरक्षा सुविधाएं दी जाए।

निगम आयुक्त संबित मिश्रा से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में संजय ऐडे, खेमूलाल निषाद, शैलेन्द्र, ललित, लोकनाथ, सकुन, नीलू, निकिता, मनीष, अजीत कसार, ओम बंजारे, उमाशंकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

रायपुर। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का परिचय दिया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उल्लेखनीय अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। विज्ञान संकाय में छात्रा अवनि यादव ने 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आदित्य साहू ने 89.2 प्रतिशत तथा आँचल यादव ने 87.6 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वाणिज्य संकाय में समीर चौधरी ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा जान्हवी बघेल ने 89.6 प्रतिशत और आरना कुशवाहा ने 85.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

रायपुर। शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉमर्स ग्रुप में रश्मिता साव ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सृष्टि सिंह 89.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शौर्य शर्मा 83.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। मैथ्स ग्रुप में क्षितिज देवांगन ने 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जतिन कुमार साहू 82.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रहे। बायोलॉजी ग्रुप में विनीता साहू ने 85.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम तथा आदित्य पटेल ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बीएसएस प्रणवानंद अकादमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में लहराया परचम

रायपुर। बीएसएस प्रणवानंद अकादमी ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। इस वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।
वाणिज्य संकाय के प्रांजल बाई ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि कुलदीप कथफर ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विज्ञान संकाय के शौभाग्य सिंह ने 94.8 प्रतिशत तथा कनिष्का दास ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा सुभी यादव ने 89.8 प्रतिशत, अनुश्री सिंह कुशवाह ने 89.4 प्रतिशत और संस्कृति अग्रवाल ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए।
विद्यालय के कुल 45 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की, वहीं 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। विद्यालय के सचिव स्वामी शिवरूपानंदजी एवं प्राचार्य ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### 100% परिणाम के साथ एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल का शानदार प्रदर्शन

रायपुर। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कर एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता साबित की है। विद्यालय के प्रिंस ठाकुर और नव्या पालीवाल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं लहर ठकवानी एवं अन्या अग्रवाल ने 97.25 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष 38 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जबकि 40 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। साथ ही 20 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन एस.के. तोमर एवं प्राचार्य डॉ. अविनाश पांडेय ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### प्रधानमंत्री के 'राष्ट्र प्रथम' आह्वान पर क्रेडाई ने 'नैटकॉन 2026' भारत में आयोजित करने का लिया निर्णय

रायपुर। रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख संगठन क्रेडाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' आह्वान के समर्थन में बड़ा निर्णय लेते हुए एम्स्टर्डम में प्रस्तावित 'नैटकॉन 2026' को रद्द कर अब भारत में आयोजित करने की घोषणा की है। संगठन ने इसे राष्ट्रीय एकजुटता, स्वदेशी भावना और देशहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है। क्रेडाई नेशनल के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में भारत आत्मविश्वास और राष्ट्रीय गौरव की नई भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठनों की जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। संगठन ने बताया कि 'नैटकॉन 2026' की नई तिथि और आयोजन स्थल की घोषणा जल्द की जाएगी। साथ ही, सभी राज्य चैप्टरों से प्रेस विज्ञप्ति को स्थानीय एवं राष्ट्रीय मीडिया, टीवी चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित करने का आग्रह किया गया है। क्रेडाई ने इस निर्णय को 'राष्ट्र निर्माता' की भूमिका के अनुरूप बताते हुए देशहित में सामूहिक प्रतिबद्धता का संदेश दिया है।

## ई-फार्मेसी के खिलाफ 20 को बंद रहेगा दवा कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ई-फार्मेसी के खिलाफ देशभर के दवा कारोबारियों ने मोर्चा खोल दिया है। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर 20 मई को छत्तीसगढ़ में दवा कारोबार बंद रहेगा। परंपरागत तरीके से दवा कारोबार करने वालों का आरोप है कि ऑनलाइन व्यापार में अनावश्यक छूट का प्रलोभन दिया जाता है, इसके माध्यम से गलत प्रिसक्रिप्शन की आशंका बनी रहती है।
जिला दवा विक्रेता संघ ने कलेक्टर डा. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद की सूचना दी है। इसके अलावा उनके द्वारा औषधि व्यापार एवं जन स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर हस्तक्षेप एवं अनुशंसा करने का अनुरोध किया गया। संघ के अध्यक्ष विनय कृपलानी, सचिव संजय रावत एवं उपाध्यक्ष अश्विनी विग ने बताया कि लंबित प्रमुख मांगों में अवैध ई फार्मेसी संचालन पर रोक बड़े कॉर्पोरेट एवं प्रेडेटोरिक प्राइसिंग पर नियंत्रण अधिसूचना क्रमांक 220 26 मार्च 20 एवं 28 अगस्त की वापसी शामिल है। अनियंत्रित ई फार्मेसी संचालन एवं अत्यधिक छूट आधारित व्यापार व्यवस्था से पारंपरिक औषधि वितरण प्रणाली प्रभावित हो रही है इससे छोटे और मध्य दवा विक्रेताओं के समक्ष अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है।

## स्टालिन के बयान पर भड़के धर्मानुरागी, एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सनातन धर्मानुरागियों द्वारा मोर्चा खोलने से कथित अपमान को लेकर राजनीतिक और धार्मिक सरगर्मी तेज हो गई है। अब धर्म स्तंभ काउंसिल के अंतर्गत रूद्र सेना एवं अखिल भारतीय हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों और संत समाज ने भी तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान के खिलाफ राजधानी के आजाद चौक थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। संगठनों ने भी अब उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एफआईआर और कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। सनातन विरोधी बयान को लेकर संत समाज में भी रोष है। रूद्र सेना एवं अखिल भारतीय हिन्दू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडे ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना जैसी बीमारियों से करना करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का अपमान है। अगर ऐसे बयानों पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो देश में सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन में कहा गया है कि देश का संविधान सभी लोगों को अपने धर्म का पालन, संरक्षण और सम्मान का अधिकार देता है। संविधान की मूल भावना सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान और धार्मिक निष्पक्षता पर आधारित है। ज्ञापन के माध्यम से उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने और वैमनस्यता फैलाने व सामाजिक शांति भंग करने से संबंधित धाराओं के तहत तुरंत एफआईआर दर्ज करने का जिक्र किया गया है।

## ओपी चौधरी से मिले कैट के प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के भारतीय व्यापार महोत्सव पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। नई दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव को लेकर इस मौके पर विशेष चर्चा की गई। जिसमें छत्तीसढ़ की व्यापक सहभागिता और संभावनाओं को विमर्श हुआ।

कैट के छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 12 -15 अगस्त तक आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े ट्रेड फेयर भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के संबंध में राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन अमर पारवानी और कैट छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात कर महोत्सव की रूपरेखा, व्यापारिक संभावनाओं एवं प्रदेश की सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान

व्यापार, उद्योग, स्टार्टअप,एमएसएमई एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन देने के विषय पर सकारात्मक संवाद हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने महोत्सव के माध्यम से प्रदेश केव्यापार, उद्योग एवं स्थानीय उत्पादों को देशभर में नई पहचान दिलाने तथा निवेश एवं व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।
इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भारतीय व्यापार महोत्सव की सराहना करते हुए इसे व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने महोत्सव में छत्तीसगढ़ की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।